# रासेयो के शिविर में ग्रामीणों ने कराई सेहत की जांच

**भिलाई। नईदुनिया प्रतिनिधि**

राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई डॉ. खूबचंद बघेल भिलाई-3 महाविद्यालय व सांई बाबा आई अस्पताल भिलाई द्वारा प्राथमिक शाला नारधी में नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने सेहत की जांच कराई। वहीं स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया।

मुख्य अतिथि नारधी गांव की सरपंच यशोदा साहू रही। विशेष अतिथि सुखनंदन यादव, खिलावन सिंह देवांगन, अहिल्या चंद्राकर, हेमलता अग्रवाल, भारती श्रीवास्तव व अध्यक्षता हेडमास्टर डीआर जोशी ने की। शिविर की संयोजिका एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे ने बताया कि समाज सेवा की कड़ी में ग्रामवासियों को नेत्र एवं स्वास्थ्य सेवा कर तीसरा शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ है। कार्यक्रम के दौरान सांई बाबा आई अस्पताल से डॉ. प्रमोद पटेल, गरिमा सिदार, पिंकी व समीर द्वारा करीब 100 ग्रामीणों का नेत्र, बीपी व शुगर का जांच निःशुल्क दिया गया। मौके पर स्वयं सेवक पिंकी, श्वेता, मोनिका, लीला आदि ने ग्रामीणों को जागरूक किया।



नारधी प्रायमरी स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्राम

**नई दुनिया 24.07.18**

# पानी उबालकर या क्लोरीन गोली डालकर पीएं, नहीं तो होगी संक्रामक बीमारी: सिंह

भिलाई| डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय पीजी कॉलेज भिलाई-3 की प्राचार्य डॉ. ज्योति रानी सिंह ने कहा कि बारिश के दिनों में पानी दूषित रहता है। संक्रामक बीमारियों की संभावना रहती है। बचने का अच्छा साधन है पानी उबालकर पीएं या फिटकरी या क्लोरीन के टैबलेट डालें।

औंधी में एनएसएस के स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के दूसरे चरण में उपस्थित लोगों से कहा कि पानी की कठोरता से पथरी, स्किन डिसीज या फिर पाचन संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। बचने के लिए हर दिन 20 ग्लास पानी पीएं।




भिलाई-3 कॉलेज की एनएसएस इकाई ने लगाया कैंप।

## कैंप में बच्चों को बताए हाथ धोने के तरीके

साबुन से हाथों को धोने का तरीका, नाखूनों को काटना, शैंपू से बाल धोना, कंघी करना, चेहरा, हाथ, पैर और पूरे शरीर को साबुन से साफ करने की सलाह दी गई। तालाब का

**दैनिक भास्कर 08.07.19**

# आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखना सबकी जिम्मेदारी

**अमन पथ न्यूज**



रायपुर। डॉ. खू. ब. स्ना. महा. भिलाई 3 राष्ट्रीय सेवा योजना पालिका ईकाई की रेड रिबन ब्लब द्वारा स्वमी विवेकानेद जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय स्वास्थ जागरुकता में युवाओं का योगदान था इस विषय पर स्वयं सेवको ने निबंध लिखे जिसमें युवाओं को जागरूक होकर स्वस्थय जागरुकता हेतु गांवो एवं शहरों में स्वास्थय शिविर, रक्तदान, रैली, संगोष्ठी, स्वाच्छता हेतु बढ़ चढ़ कर कार्य करने अपना योगदान देना भी आवश्यक ही नही अनिवार्य होना चाहिये ताकि आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर व्ही के गोयल ने युवाओं में स्वास्थय जागरुकता होना बहुत जरुरी बताया कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे ने कार्यक्रम का आयोजन किया एवं बताया कि युवा उत्सव शिविर नोयोडा(यू.पी) में महाविद्यालय के बालिका ईकाई की कु. हर्षा वर्मा 12 जनवरी से 18 जनवरी तक सम्मिलित है जो महाविद्यालय का गौरव है। निबंध प्रतियोगिता में कु. सुमन वर्मा, ममता कुमारी, एवं संगीता, गुड़िया मिश्रा, हंस प्रभा, पायल यादव, गजल शर्मा, रानी, छाया यादव, मोनिका वर्मा, कुल स्वयं सेवको में भाग लिया। निबंध के निणयिक भारती सेठी डॉ विनोद शर्मा थे अंत स्वस्थ जागरुकता रैली निकाली

**अमनपथ 14.01.18**

# स्थापना दिवस

प्रतिवर्ष दिनांक 23 एवं 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में किया जाता है। इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से मेरी एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता रही है। पिछले 3 वर्षों तक लगातार विश्वविद्यालय स्तरीय पंडाल सज्जा एवं प्रदर्शनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है एवं मुझे तीनों वर्ष पंडाल सज्जा प्रभारी बनाया गया। सत्र 2017-18 में मेरे साथ 4 स्वयंसेवक, 2018-19 में 6 स्वयंसेवक, 2019-20 में 6 स्वयंसेवकों ने दुर्ग विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। तीनों वर्ष पृथक से क्राफ्ट एवं राखी प्रदर्शनी भी लगाई गई।












राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME














राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 एवं साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम गनियारी में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं बीपी शुगर की जांच की गई जिसमें 103 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा का लाभ लिया एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे ने बताया कि कार्यक्रम में श्री निर्मल कोसरे अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष की गरिमा में उपस्थिति रही साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय की टीम डॉक्टर संगीता बाक हुर्रे मैडम गरिमा सिदार डॉ. प्रमोद पटेल समीर अख्तर अन्नपूर्णा साहू एवं राम साहू का अभूतपूर्व सहयोग रहा एनएसएस की स्वयंसेवक कुमारी मंजू चंद्राकर, दामिनी दीवार, वैशाली मारकंडे, पीलू मारकंडे ,दिव्या यादव, खुशबू वर्मा, नेहा वर्मा, कंचन यादव, हिमांशु कोसरे, गीतू बघेल आदि ने निःस्वार्थ सेवा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के महत्वपूर्ण निःस्वार्थ सेवा भाव को देखकर साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जरूरतमंद वृद्धजनों का जिनके पास स्मार्ट कार्ड नहीं है उनका किया जावेगा। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे ने दी।






## खूबचंद कालेज ने चलाया स्वच्छ नेत्र स्वच्छ दृष्टि अभियान

July 14, 2018 | articles, Education | No comments




भिलाई। स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत 13 जुलाई को डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नाकोततर महाविद्यालय भिलाई -3 के अंग्रेजी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गोद ग्राम औंधी में कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ज्योति रानी सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री सांई बाबा आई हास्पिटल भिलाई के डॉ प्रमोद पटेल तथा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. के.के अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमृता कस्तूरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे ने स्वच्छता समर इंटर्नशिप की 100 घंटे की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गोद ग्राम औंधी को स्वच्छ ग्राम बनाने में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सहयोग निरन्तर बना रहेगा।

उद्घाटन सत्र के अंतर्गत स्वच्छता संदेश रैली, घर-घर में औषधीय पौधों का वितरण रोपण एवं औषधीय पौधों की उपयोगिता से ग्रामिणों को अवगत कराया गया। ग्रामीणों के घर शौचालय प्रपत्र भरकर जानकारी ली जा रही है उनके घर शौचालय है या नहीं।

स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत स्वस्थ्य नेत्र स्वच्छ दृष्टि हेतु नेत्र जॉच एवं स्वास्थ्य षिविर में मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण कर सलाह एवं औशधी वितरण किया गया । सांई बाबा आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क सेवा दी गयी एवं डॉ. संगीता, डॉ. गरिमा सिदार, डॉ.प्रमोद पटेल, कु. यमुना साहू, समीर अख्तर एवं देव्यान चक्रवती (ब्रांच मैनेजर) भिलाई उपस्थित रहे।

आंखों को मोबाइल से नुकसान के बारे में स्कूल के सभी छात्रों को बताया गया जिसमें जानकारी दी गई कि मोबाइल प्रयोग के समय लाइट जलाना (बिजली की रौशनी ) आवश्यक है एवं समय समय पर आंखों का दृष्टि परीक्षण कराना चाहिये, आखों को स्वच्छ पानी से धोना चाहिये, ग्लूकोमा, मोबियाबिंद, फंगस इंफेक्शन, भैंगापन के विषा में बताया गया। महाविद्यालय से स्वच्छता हेतु तीन गुरप गठित की गई जिसमें तीन ग्रुप लिडर में गुरजीत कौर, तपस्विनी, आरती एवं सहयोगी रितु पटेल, विजय कुमार, साहिल यादव, द्रुपति ठाकुर, काजल बन्दे, पिंकी रिजोरियों, नीतू, रश्मि यादव, सी.एच संगीता, पी. पदमावती, कल्पना ठाकुर, हेमपुष्पा नेताम, निशा, टी दुर्गारानी, ए. श्यामला, रानो, श्वेता, जयश्री निर्मलकर, मोनिका वर्मा, हंसप्रभा, दिप्ती नेताम, छाया यादव, पायल यादव सहित सहयोगी उपस्थित थे।







# दंत चिकित्सा

राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 एवं मैत्री कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एण्ड रिसर्च सेंटर, अंजोरा के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन दिनांक 30 जुलाई 2018 - ग्राम औंधी, 31 अक्टूबर 2018 - महाविद्यालय भिलाई - 3, 22 एवं 23 जनवरी 2019 को शासकीय माध्यमिक शाला - ग्राम सिरसाकला में किया गया जिसमें लगभग 300 लोग लाभान्वित हुए।



कैंप | भिलाई-3 कॉलेज में लगे दंत चिकित्सा शिविर में डॉ. रोहित ने कहा

## चॉकलेट या लॉलीपॉप खाते हैं तो 20 मिनट के भीतर धो लें मुंह, नहीं तो जल्दी सड़ेंगे दांत

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित अग्रवाल ने कहा कि मीठा खाने के बाद मुंह को एक बार अवश्य धोएं। 30 मिनट से अधिक समय तक मुंह में मीठा का असर रहता है और उसके बाद आप पुनः शक्कर, चॉकलेट या लॉलीपॉप जैसी कोई चीज खाते हैं तो दांतों के जल्दी सड़ने की संभावना रहती है।

शासकीय कॉलेज भिलाई-3 की ओर से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत लगे दंत चिकित्सा शिविर में कहा कि मुंह का अलग हाइड्रोजन सांद्रता (पीएच) होता है। इससे इसके अम्लीयता या क्षारीयता प्रकृति सामने आती है। इसकी मात्रा 5.5 पीएच से कम है तो दांतों के सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। कोशिश हो कि कोई भी मीठी चीज खाते हैं तो उसका स्वाद 20 मिनट से ज्यादा देर तक मुंह में न रहे। दो बार मीठा खाने के बीच का अंतराल कम से कम 40 मिनट से एक घंटे अवश्य हो। दांतों के बीच फंसे अनाज के कणों को भी साफ करते रहें।

शिविर में डॉक्टरों ने बच्चों समेत सभी वर्ग के लोगों के दांतों की जांच की और बचाओ के सुझाव दिए।

### गोल्डन रूल्स ऑफ ओरल हेल्थ

1. टूथपेस्ट और टूथ ब्रश से प्रतिदिन दो बार ब्रश करें। इससे मुंह साफ रहेगा।
2. हमेशा खाना खाने के बाद कुल्ला करें।
3. विटामिन और खनिज युक्त भोजन का अधिक सेवन करे।
4. मीठे और चिपचिपे खाद्य पदार्थ का कम सेवन करें। मुंह की पीएच मान कम होता है।
5. हर छह महीने में दंत चिकित्सक से दांतों की जांच कराएं। उनकी सलाह लें।

### शारीरिक स्वास्थ्य का दर्पण होता है मुंह, इसे हर हाल में रखें साफ

उन्होंने कहा कि मुंह शारीरिक स्वास्थ्य का दर्पण होता है। मुंह साफ नहीं रहेगा दो दुर्गंध आएगा। झाला या माउथ अल्सर होने की भी संभावना बनी रहती है। दांतों के बीच अन्न के कण फंसे रहने से भी दांतों के जल्दी सड़ने की संभावना रहती है। बीमार भी हो सकते हैं।। कैंप में 89 लोगों के दांतों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक जानकारियां दी गईं। इसमें डॉ. बी ज्योति राज, डॉ. मेरिलिन, डॉ. रविंधा, डॉ. रीना कुमारी, डॉ. गुलनार, डॉ. सुचिस्मिता ने सेवाएं दीं।

### घर में सेनेटरी नैपकिन बनाना बताएंगे आज

शिविर में गर्ल्स को सेनेटरी नैपकिन बनाना सिखाया जाएगा। इसे बनाने का डेमो भी दिखाया जाएगा, ताकि इसे देखकर वे घरों में कॉटन का यूज कर होम मेड सेनेटरी नैपकिन बना सकें। स्वास्थ्य विभाग के सदस्य संजीव दुबे उन्हें इसकी जानकारी देंगे। उन्हें कॉटन या लंबे समय तक चलने वाले पैड्स से होने वाले नुकसान आदि के बारे में भी बताएंगे। इस तरह वुमंस को कैंप में उनके हेल्थ के लिए अवेयर किया जाएगा।

### स्टूडेंट्स ने नो पॉलीथिन के लिए किया जागरूक


स्टूडेंट्स ने लोगों को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और दूर रहने की सलाह दी। जूट या पेपर से बने बैग्स का उपयोग करने कहा। इसमें डॉ. अल्पना देशपांडेय, अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमृता कस्तूरे, आरती, पिंकी, मोनिका, जयश्री निर्मलकर, नीतू,

दैनिक भास्कर 31.07.18









# ब्लड प्रेशर, शुगर जांच







# स्किन चेकअप








## स्किन से संबंधित बीमारियों से बचने के लिए स्वछच्छता जरुरी : डॉ. चटर्जी

दबंग रिपोर्टर ▫ रायपुर


डॉ. खूबचंद शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 की राष्ट्रीय सेवा योजना की बालिका इकाई द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्किन डिजीज स्पेशलिस्ट डॉ. दीप चटर्जी ने ग्रामीणों का निशुल्क उपचार करने के साथ ही उन्हें स्किन संबंधी बीमारियों से बचने के लिए जागरूक भी किया।

उन्होंने बताया कि स्किन संबंधी बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता पहली कुंजी है। उन्होंने लोगों को सुझाव दिया कि वे कपड़े, शरीर और आसपास के परिवेश को साफ सुथरा रखने के साथ ही अपने घर को भी साफ रखें और इसे नियमित रुप से जारी रखें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया। यह शिविर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गये ग्राम सिरसकला में आयोजित किया गया था। शिविर में गांव के लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अल्पनादेश पांडे ने किया। शिविर में प्राचार्य डॉ. ज्योतिरानी सिंह, डॉ. अमृता कस्तुरे, डॉ. मंजुला गुप्ता, श्रीमती मंजू दांडेकर, श्रीमती उमा आडिल समेत अन्य लोग

दबंग दुनिया 02.04.19

## कुष्ठ रोगियों को भोजन दान एवं फल दान





# बालिका इकाई के शिविर में दी गयी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**दबंग रिपोर्टर ▫ रायपुर**

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की एनएसएस की बालिका इकाई का ग्राम सिरसा कला में विशेष शिविर रखा गया। शिविर में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन इकाई चरोदा की ओर से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माध्यमिक शाला सिरसा कला में तंबाकू नियंत्रण हेतु तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार एक सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन इकाई के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे एवं एनएसएस प्रभारी श्रीमती अल्पना देशपांडे प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

दबंग दुनिया 25.01.19

# तंबाकू नियंत्रण पर कैंप में दी गई जानकारी, बच्चों ने उकेरी आकृति

**सिटी रिपोर्टर | भिलाई**

खूबचंद शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 की एनएसएस बालिका इकाई का ग्राम सिरसा कला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माध्यमिक शाला सिरसा कला में तंबाकू नियंत्रण हेतु तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी छात्रों को दी गई।

वहीं इसके अलावा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्र बनाए। बच्चों ने प्रकृति से जुड़े विषयों पर चित्र बनाए।

प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के अलावा चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी स्टूडेंट्स को एक सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन इकाई के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, एनएसएस प्रभारी अल्पना देशपांडे उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 26.01.19

# सेनेटरी नेपकिन

स्वास्थ्य जागरूकता हेतु उपचार मा.शाला औंधी की छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता की आवश्यक जानकारी दी एवं स्वास्थ विभाग चरोदा के श्री संजीव दुबे एवं सिस्टर ने होममेड सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण दिया जिसे छात्राओं ने उत्साह से बनाना सीखा एवं प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर उन्हें पैड भी वितरीत किये। स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर 100 महिलाओं को पैड का वितरण किया। उपयोग के पश्चात इसे नष्ट करने, जलाने का तरीका भी सिखाया ताकि स्वच्छता बनी रहे ।

**शिविर** | भिलाई-3 कॉलेज में लगे कैंप में गर्ल्स ने सीखा सेनेटरी नैपकिन बनाना

01/08/18

## सूती कपड़े और मेडिकेटेड कॉटन को फोल्ड करके आप घर में बना सकती हैं पैडः संजीव

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

सफेद और साफ सूती कपड़ा लीजिए, जो रूमाल की तरह हो। मेडिकेटेड कॉटन लें। उसे त्रिकोण आकार में काट लें। फिर उसे रूमाल में रखें। उसके दो कोनों को पकड़कर पहला फोल्ड करें, ताकि कॉटन पूरी तरह कवर हो जाए। फिर बचे हुए दो कोनों को लें और उसे लपेटकर छोटी सी गांठ लगा दें। इस तरह आपका सेनेटरी नैपकिन या पैड तैयार हो जाएगा। उसे किसी सुरक्षित थैले में या फिर किसी कपड़े या कागज में लपेट कर रख लें।

इस तरह गर्ल्स और वुमंस को घर में सैनेटरी नैपकिन या पैड बनाने की जानकारी राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन ईकाई चरोदा के प्रबंधक संजीव दुबे ने दी। भिलाई-3 शासकीय कॉलेज में एनएसएस इकाई की ओर लगे कैंप में उपस्थित वुमंस और गर्ल्स को पैड बनाने और इससे होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। केमिकल युक्त पैड से उन्हें दूर रहने को भी कहा गया।

**स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दी जानकारी**



स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने स्कूल के स्टूडेंट्स को पैड बनाना बताया।

### सिर्फ कपड़े वाले पैड से हो सकता है संक्रमण यूटरस में संक्रमण की आशंका बनी रहती है

उन्होंने बताया कि सिर्फ कपड़े वाले पैड से संक्रमण हो सकता है। नमी बने रहने से यूटरस इन्फेक्शन हो सकता है। इसकी लगातार अनदेखी करने पर बच्चे दानी का कैंसर होने की आशंका होने लगती है। लांग टाइम चलने वाले पैड्स से रेशेज होने की संभावना रहती है। इससे बचने के सबसे अच्छा तरीका है कि हैंडमेड पैड्स का उपयोग करें और तीन से चार घंटे के बीच उसे बदलते रहें।

### शोकिंग पिट और कंपोज पिट भी बनाना सिखाया

वुमंस और गर्ल्स को शोकिंग पिट बनाने और कंपोज पिट बनाने की भी जानकारी दी गई। इसके मेथड बताए गए। उसका डेमो दिखाया गया और उसका प्रेक्टिकल भी कराया गया। फिर इसके फायदे बताए गए और आने वाले दिनों में उसका उपयोग करने का संकल्प भी दिलाया गया। सुरक्षित मातृत्व और भविष्य में होने वाली प्रजनन संबंधी बीमारियों की जानकारी दी गई।

### पुराने कपड़ों से पायदान व वेस्ट से बेस्ट बनाना बताया

वुमंस और गर्ल्स को स्वावलंबी बनाने या फिर स्वरोजगार की भी जानकारी दी गई। उन्हें पुराने कपड़ों से पायदान बनाना, घर में जरूरत की चीजें बनाना, जूट से बैग्स बनाने आदि के बारे में भी बताया गया। उन्हें वेस्ट से बेस्ट बनाने की जानकारी दी। उसके तरकीब भी बताए गए। इस तरह उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। बाद में वे इसका व्यावसायिक उपयोग भी कर सकेंगी। इसका लाभ होगा।

### नैपकिन को डिकंपोज करने के तरीके सिखाए

दुबे ने उन्हें यूज करने के बाद उसे डिकंपोज करने का तरीका भी बताया गया। कहा कि यूज होने के बाद आप नैपकिन को घर से बाहर किसी गड्ढे में डालकर उसके ऊपर मिट्टी डाल दें या फिर सुरक्षित तरीके से उसे कागज या न्यूज पेपर में लपेटकर पाउच बना लें और डस्टबिन में डाल दें। इस तरह आप उन्हें सुरक्षित तरीके से डिकंपोज कर सकते हैं। इससे किसी को नुकसान भी नहीं होगा।

**नो पॉलीथिन व प्लास्टिक का भी दिया गया मैसेज**

इसके बाद उन्हें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानि की जानकारी दी गई। पॉलीथिन कैरी बैग्स, डिस्पोजल प्लेट्स, ग्लासेस का उपयोग नहीं करने को कहा गया। इसके स्थान पर दोने और पत्तल का उपयोग करना बताया गया। इससे पर्यावरण को होने वाली हानि के बारे में बताया। कॉलेज की एनएसएस इकाई कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अल्पना देशपांडेय, औंधी स्कूल के प्राचार्य आर.के. श्रीवास्तव मोनिका, जयश्री निर्मलकर, आरती, पिंकी, नीतू, तपोसनी, निशा, रश्मि, कल्पना, द्रोपदी, हंसप्र

दैनिक भास्कर 01.08.18

## कॉलेज स्टूडेंट्स ने सेनेटरी पैड देकर हाइजीन के लिए किया अवेयर



**भिलाई|** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज भिलाई-3 के विद्यार्थियों ने सेनेटरी पैड बांटकर वुमंस को स्वास्थ्य और सफाई के लिए जागरूक किया। साथ ही वेस्ट से बेस्ट बनाकर वुमंस को घरों को सजाने के लिए प्रेरित किया। उसमें उन्होंने शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान, सौर उर्जा , उज्ज्वला योजना, कंपोज्ड पिट और अन्य मॉडल तैयार किए। सब्जी के छिलकों से घर पर खाद बनाने की ट्रेनिंग भी दी। पॉलीथिन बैग्स को अवॉइड करने कहा। इसके स्थान पर जूट के बैग्स यूज करने के लिए प्रेरित किया। पानी की जांच कर उसकी अशुद्धियां भी बताई।


दैनिक भास्कर











5 जुलाई 2017 को महाविद्यालय में हमने बालिका इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका निगम भिलाई 3 चरोदा के संयुक्त तत्वाधान में किया जिसमें वोटर आईडी कार्ड बनाने हेतु जागरूक कर फॉर्म भरवाया एवं सूची में त्रुटि नाम में सुधार कार्य भी करवाया।

डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत प्राचार्य डॉ ज्योति रानी सिंह ने महाविद्यालय के छात्रों प्राध्यापकों कर्मचारियों को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाई साथ ही संकल्प पत्र भरवाया गया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे ने इसी कड़ी के अंतर्गत 100 किलो रंगोली देकर महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न देशों के साथ छात्रों द्वारा रंगोली बनाई गई वहीं दूसरी तरफ मतदान आज की आवश्यकता विषय पर नारा लेखन भी किया गया कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती सुशीला शर्मा, डॉ ममता सराफ, डॉ. उमा आडिल, डॉ. भारती सेठी, डॉ अल्पना दुबे तथा कैंपस ब्रांड एंबेसडर हर्षा वर्मा ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 के छात्रों द्वारा घर घर पहुंच दस्तक मतदाता जागरूकता अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे के मार्गदर्शन में चलाया गया जिसमें छात्रों ने विभिन्न परिवारों के घरों में पहुंचकर 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की जानकारी ली उनके वोटर कार्ड बने हैं या नहीं यदि नहीं बने हैं तो उसे पास के केंद्रों में जाकर नाम जुड़वाने की जानकारी दी साथ ही वीवीपैट मशीन से निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता हेतु मशीन की जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त ईवीएम मशीन एवं कंट्रोल यूनिट के बारे में भी बताया।


## खुद करेंगे मतदान और लोगों को भी करेंगे प्रेरित



शुक्रवार को भिलाई-तीन कॉलेज में मतदान की शपथ लेती छात्राएं और व्याख्याता।

भिलाई (वि.)। डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज भिलाई -3 में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत आज प्राचार्य डॉ. ज्योतिरानी सिंह ने महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों को मतदान करने शपथ दिलवाई साथ ही संकल्प पत्र भरवाया गया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.अल्पना देशपांडे ने इसी कड़ी के अंतर्गत 100 किलो रंगोली देकर महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न संदेशों के साथ छात्रों द्वारा रंगोली बनायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन सुशीला शर्मा, डॉ. ममता सराफ, उमा आडिल डॉ. भारती सेठी, डॉ. अल्पना दुबे, स्वीप के ब्रांड एम्बेसडर कु. पिंकी रिजोरिया ने सक्रिय सह[illegible]

नई दुनिया 13.10.18


हरिभूमि न्यूज ▸▸। सेलूद



डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 के बूथ क्रमांक 217, 218, 219, 220 में ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन का प्रदर्शन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के पारदर्शी होने की जानकारी दी गई।

सभी वर्ग के मतदाताओं ने अपना मत मशीन में डालकर इसकी उपयोगिता परखी। पहली बार मतदान करने वाले युवक युवतियों अधिकारी प्रशांत शुक्ला, कार्यपालन अभियंता नगर निगम भिलाई एवं खिलेश वर्मा संकुल समन्वयक भिलाई-3 अभिहित अधिकारी भरत देवांगन एवं युगल चंद्राकर, राजेंद्र एवं प्राचार्य डॉ ज्योति रानी सिंह, नोडल अधिकारी डॉ अल्पना देशपांडे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमृता कस्तूरे, डॉ भारती सेठी, डॉ नमिता गुहा रॉय, डॉ अल्पना दुबे, वेद [illegible]

हरिभूमि 27.02.19


## भरोसे पर खरी है वीवीपैट मशीन

भिलाई . आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग व हेमचंद यादव विवि दुर्ग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 में गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भुमिका और वीवीपैट मशीन की जानकारी दी गई। संस्था की प्राचार्य डॉ. ज्योतिरानी सिंह ने सभी विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विनोद शर्मा ने वीवीपैट मशीन के बारे में कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष व पारदर्षी चुनाव में सक्षम व कारगार होगी। कार्यक्रम में स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडेय, डॉ. भारती सेठी, नीलम शर्मा, डॉ. शीला विजय, डॉ. मनीष कालरा, डॉ अल्पना दुबे, डॉ. संगीता मैहरिया, बलराज ताम्रकर मे[illegible]

पत्रिका 12.10.18


जागरुकता ▸ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज भिलाई तीन में हुआ आयोजन, केक काटकर किया सभी स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन

## पाक कला एवं सलाद सज्जा से बताया मतदान का महत्व

भिलाई-तीन। नईदुनिया प्रतिनिधि

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में मतदाता जागरुकता के तहत पाक कला एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सलाद प्रतियोगिता को छात्राओं ने बैलेट युनिट, ईवीएम एवं चुनाव चिह्न तथा पाक कला में केक द्वारा बैलेट बॉक्स में वोट डालते हुए तैयार किया। तिरंगे के पुलाव द्वारा मतदान के लिए जागरुकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता की निर्णायक रशिमन्दर कौर कैम्बो एवं रसप्रीत ने किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. ज्योति रानी सिंह ने इस अवसर पर केक काटकर सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान के विभागाध्यक्ष आहर एवं पोषण विषेषज्ञ डॉ. भारती सेठी द्वारा किया गया। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक नीलम शर्मा, सुशीला शर्मा, मंजू दाण्डेकर, रेणु वर्मा, डॉ. अल्पना दुबे, ममता सराफ, उमा आडिल, डॉ. विनोद शर्मा, पुरषोत्तम वर्मा उपस्थित रहे।



केक का बनाया गया है बैलेट बॉक्स।

कुछ इस तरह किया गया सलाद सज्जा।

गुरुवार को स्पर्धा में मतदाता जागरुकता के लिए बनाए गए संदेशों व सलाद सज्जा का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : नईदुनिया

**प्रतियोगिता के यह रहा परिणाम**

- पाक-कला में प्रथम स्थान पद्मिनी मंढरिया बीए द्वितीय, द्वितीय नीतू साहू बीए द्वितीय, तृतीय स्थान पर अनुसूइया एमएससी गणित द्वितीय सेम एवं माधुरी वर्मा रही।
- सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुसुइया एमएससी गणित द्वितीय सेम, चंचल राजपूत बीए द्वितीय रही एवं तृतीय स्थान में ज्योति वर्मा रही। स्वीप कार्यक्रम की छात्रा एम्बेसडर कु. पिंकी रिजोरियो ने उपस्थित होकर सहयोग किया।

नई दुनिया 28.09.18

# पर्यावरण की खातिर स्वयं सेवकों ने बनाए पेपर बैग



छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,** 18 जून। राष्ट्रीय सेवा योजना, उच्च शिक्षा विभाग एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 15 जून से इंदिरा गांधी कृषि विवि में आयोजत सात दिवसीय योग प्रशिक्षण एवं चिंतन शिविर के तहत योग, ध्यान के अलावा स्वयं सेवक हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण ले रहे हैं। हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षु डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय भिलाई में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे एवं उनकी टीम द्वारा दिया जा रहा है।

योग प्रशिक्षण एवं चिंतन शिविर में विगत दिवस डॉ. अल्पना देशपाण्डे, मंजू चंद्राकर, वर्षा पाण्डेय, आरती ठाकुर एवं वर्षा वर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण के सुरक्षा के मद्देनजर पेपर बैग बनाना सिखाया गया। इन बैग्स में स्वच्छता से संबंधित संदेश का अंकन किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा पुराने न्यूज पेपर, हैण्डमेड शीट से पेपर बैग बनाए गए। प्रशिक्षकों द्वारा महिला स्वयं सेवकों को सेनेटरी पाऊच और छोटे पाऊच बनाना सिखाया गया। ज्ञात हो पर्यावरण में वृक्षों की महत्व के प्रचार-प्रसार में डॉ. अल्पना देशपाण्डे ने एक हजार औषधिय पौधे का ग्रामीण क्षेत्रों में जहां वितरण किया गया वहीं 5 सौ से अधिक पौधे रोपे गए हैं। स्वयं सेवकों द्वारा तैयार किए गए हैंडीक्राफ्ट का राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह द्वारा मुआयना किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई।

छत्तीसगढ़ 10.06.17

# विद्यार्थियों ने सीखा पेपर बैग और सेनेटरी नेपकिन बनाना



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**भिलाई** ● खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय, भिलाई-3 की एनएसएस बालिका इकाई का सात दिवसीय शिविर अभ्युदय संस्थान ग्राम अछोटी में लगाया गया है। शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को इकोफ्रेंडली पेपर बैग बनाना सीखा। जबलपुर से आए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आरके नायडू ने स्वयं सेवकों को न्यूज पेपर, ब्राउन पेपर की मदद से हैंडमेड बैग, सेनेटरी नैपकिन और डिस्पोजल पाउच बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि पर्यावरण बचाने और स्वरोजगार की दृष्टि से हैंडमेड पेपर प्रोडक्ट एक बेहतर रास्ता हो सकता है। लोग आज भी प्लास्टिक बैग ही उपयोग करते हैं, क्योंकि हर जगह पर पेपर बैग की उपलब्धता नहीं है। इसलिए इसे एक व्यापार के तौर पर भी शुरू करना अच्छा आइडिया साबित होगा। इस एनएसएस शिविर में स्वयं सेवकों को जीवन आंनद, पॉजीटिविटी जैसे आयामों का ज्ञान भी दिया जा रहा है। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में दुर्ग विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी डॉ. अल्पना देशपांडेय ने बताया कि यह प्रशिक्ष ग्रामवासियों [illegible]

पत्रिका 09.02.18




# डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

*भिलाई – 3, जिला – दुर्ग (छ.ग.)*





## प्रशस्ति - पत्र

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर ग्राम उमदा (ओशो उपवन) में दिनांक 1 फरवरी से 7 फरवरी 2020 तक आयोजित **हस्तनिर्मित इको फाइल एवं इको बैग्स प्रशिक्षण** में **डॉ. श्रीमती अल्पना देशपांडे** द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

आपके मार्गदर्शन में यह शिविर मौलिक सृजन कौशल और मनोरंजन के साथ-साथ भविष्य संवारने का उपक्रम बना। गुरूकुल के सदृश्य प्रकृति के गोद में प्रशिक्षण का अवसर और गुरुजनों का आशीर्वाद समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ है।

महाविद्यालय भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा और आपके यशस्वी जीवन की कामना करता है।

दिनांक – 7 फरवरी 2020

प्राचार्य

(डॉ. अमृता कस्तुरे)

# मोमबत्ती

श्री आर.के.नायडू, जबलपुर द्वारा दिनांक 22 जनवरी 2019 से 28 जनवरी 2019 तक रासेया बालिका इकाई के विशेष शिविर में मैंने मोमबत्ती प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ को आमंत्रित किया था, जिन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को अने प्रकार की मोमबत्तियाँ बनाना सिखाया। मोमबत्ती के सेटअप तैयार कर प्रतिमाह कितना धनोपार्जन किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।

**एनएसएस कैंप • भिलाई-3 कॉलेज में लगे शिविर में वुमंस को दिया गया प्रशिक्षण**

## मोमबत्ती का सेटअप डालकर हर माह अर्न कर सकते हैं 20 हजार रुपए तक इनकम : नायडू

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

पहले पैराफिन वैक्स को गर्म करके पिघला लें। फिर उसे सांचे में धागा लगाएं और फिर वैक्स को डालें और आधा घंटे छोड़ दें। आप चाहें तो जेल वैक्स से पानी में तैरने वाली मोमबत्ती, रंगोली डालकर डेकोरेटिव मोमबत्ती आदि बना सकते हैं। यह जानकारी जबलपुर से आए मोमबत्ती विशेषज्ञ आरके नायडू ने कही। उन्होंने प्रेक्टिकल नॉलेज भी छात्राओं और महिलाओं को दिया। कहा कि इसका सेटअप डालने में मुश्किल से 12 से 20 हजार तक खर्च होगा। इससे आप हर महीने 20 से 25 हजार रुपए तक इनकम ले सकते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना की भिलाई-3 कॉलेज इकाई के आवासीय शिविर में महिलाओं और युवतियों को स्वावलंबी बनाने और हर महीने एक निश्चित आय अर्जित करने की जानकारी देने के उद्देश्य से मोमबत्ती बनाने और फैशन डिजाइन का प्रशिक्षण दिया गया।




शिविर में जबलपुर से आए प्रशिक्षक ने छात्राओं और महिलाओं को मोमबत्ती बनाने की कला सिखाई।

### दो घंटे से ज्यादा नहीं लगते बनाने में

प्रशिक्षण के दौरान नायडू ने बताया कि मोमबत्ती बनाने में दो घंटे से ज्यादा नहीं लगते। इसमें पैराफिन वैक्स को पिघलाकर मनचाहे सांचे में ढालना होता है। इससे डेकोरेटिव और डिजाइनर मोमबत्ती बना सकते हैं। पानी में तैरने वाले मोमबत्ती बनाकर घर को सजा सकते हैं। छात्राओं और महिलाओं को मोमबत्ती बनाने, उसके रॉ मटेरियल इकट्ठा करने, व्यावसायिक स्तर पर और शौकिया तौर पर बनाने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके फायदों के बारे में बताया गया।

### फोल्डिंग और गिफ्ट बैग बनाना सिखाया

कार्यक्रम में उपस्थित पूजा सिंह ने छात्राओं और महिलाओं को फोल्डिंग बैग बनाना सिखाया। उसका उपयोग अपनी जरूरत के अनुसार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने पानी रखने के लिए बॉटल बैग और उपहार देने के लिए अलग से फैंसी बैग्स बनाने की विस्तार से जानकारी दी। साड़ी कवर, ब्लाउड कवर, टॉफी बैग, ज्वेलरी बैग बनाना सिखाया। दुपट्टा से ब्लांकिट और पैरदान बनाना बताया। इसके लिए रॉ मटेरियल इकट्ठा करने के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया।

### स्टूडेंट्स ने गीत व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियां दीं

शिविर के आखिरी दिन छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति जागरूक किया। नशा मुक्ति से होने वाले फायदे और इससे होने वाले नुकसान की जानकारी दी। लोगों को बताया कि मतदान करना आपका संवैधानिक अधिकार है। उसका उपयोग करें और सही व्यक्ति को चुनें।

### शिविर का फायदा कॅरियर में मिलता है : डॉ. अग्रवाल

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के एनएसएस के समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल ने कहा कि शिविर में आपको नई चीजें सीखने को मिली। यह कॅरियर में सहयोगी साबित होंगे। जॉब अपॉरच्युनिटी में सहायता मिलेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए। इसमें कॉलेज की एनएसएस प्रभारी डॉ. अल्पना देशपांडेय मौजूद थीं।

दैनिक भास्कर 01.02.19



# दिव्यांगों के लिए संवेदनशील - रा.से.यो.

पहले शारीरिक विकलांगता परिवार के लिए एक बोझ समझा जाता था परंतु वर्तमान समय में विकलांगों के लिए सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बड़े-बड़े स्कूल, कॉलेज सर्व सुविधा युक्त प्रशिक्षण केंद्र खोल रखे हैं। दिव्यांगों को दया नहीं बल्कि उनके मनोबल को बढ़ाने की आवश्यकता है। वर्तमान में दिव्यांग अपने ही नहीं बल्कि अपने परिवार के भरण-पोषण कर रहे हैं। मैंने कोपल वाणी, घरौंदा, दिव्य ज्योति संस्था में निःशुल्क शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण दिया एवं सम्मानित किया है।

3 दिसंबर 2017 को मैग्नेटो मॉल रायपुर में मेरे निर्देशन में 500 दिव्यांगों ने सांकेतिक रूप से राष्ट्रगान गाकर **इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड,** बरेली यूपी द्वारा दर्ज किया गया। विभिन्न त्योहारों एवं दिव्यांगों के जन्मदिवस पर शामिल हुई। आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्था भिलाई छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित दिव्यांगों के सामूहिक विवाह दिनांक 4 जून 2017, हेतु सहयोग किया। जन समर्पण दुर्ग द्वारा आयोजित दिव्यांग सम्मेलन में सहयोग किया। विश्व की सबसे महंगी हल्दी खरीद कर दिव्यांग हेतु ट्राईसाईकिल खरीदी में जगदीप को में डॉ. अल्पना देशपांडे सहयोग किया और दिनांक 21 जनवरी 2018 को विष्णु सदन हांडी पारा रायपुर माननीय क लेक्टर श्री ओ पी. चौधरी के कर कमलों से दिव्यांग श्री मोहनलाल साहू सब्जी बेचने वाले को एक मोटो राइडर ट्राईसाईकिल निःशुल्क सप्रेम भेंट किया गया जिसमें जगदीप एवं डॉक्टर अल्पना देशपांडे का विशेष योगदान रहा है।

## दिव्यांगों के साथ मनाया रक्षा बंधन पर्व



स्वय सेवकों ने दिव्य ज्योति स्कूल में मनाई राखी। फोटो : नईदुनिया

**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की एनएसएस इकाई द्वारा रक्षाबंधन का पर्व दिव्य ज्योति स्कूल शांति नगर भिलाई-3 के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे एवं स्वयं सेवकों ने हस्त निर्मित राखी, जिसमें एनएसएस का मोनो बना था दिव्यांग बच्चों को बांधा। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संध्या द्विवेदी तथा संस्थापक विजयकांत द्विवेदी हैं। इस दौरान बालिका इकाई की तारणी, तपोसनी, नीतु, रेशमी निषाद, पद्मिनी, तरुण, विजय गुप्ता, पूर्णिमा, कांति आदि रहे।

नईदुनिया 08.08.17



## 40 जोड़े दिव्यांग, विधवा व विधुर का सामूहिक विवाह

**रायपुर.** 36 जोड़े दिव्यांग तथा 4 जोड़े विधवा, विधुर व परित्यक्ता का प्रदेश स्तर पर सामूहिक विवाह परिजनों, मित्रों की उपस्थिति में आस्था बहुउद्देशीय संस्था भिलाई द्वारा अयप्पा मंदिर में वैदिक रीति रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया.

मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण समाज के प्रांताध्यक्ष ललित मिश्रा ने दहेज प्रथा पर रोकथाम के लिये सामूहिक विवाह के महत्व को प्रतिपादित करते हुए इस सार्थक प्रयास के लिये सरिता शर्मा, प्रकाश गेडाम, मनोज ठाकरे, राजेन्द्र चिनपुरिया, रत्ना नारंगदेव को बधाई दी. विशेष अतिथि बेटी बचाओ मंच के डॉ. अल्पना देशापाण्डेय ने कहा दिव्यांग, विधवा, विधुर व परित्यक्त। को वैवाहिक जोड़ों में बांधकर समाज के मुख्य धारा में अच्छे जीवन यापन का अवसर प्रदान करना ही ईश्वर की सच्ची पूजा है. उक्त अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों तथा विवाह सूत्र बंधन में बंधने वाले जोड़ों को प्रांताध्यक्ष ललित मिश्रा ने ब्राह्मण समाज की ओर से श्रीफल तथा प्रशस्ति

नवभारत 23.06.18

## दिव्यांगों के सेवार्थ माध्यम बनी विश्व की सबसे 'महंगी' हल्दी

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** शुक्रवार की शाम, तेलीबांधा तालाब पर, मोर रायपुर लोगो के सामने, सम्मान पत्र लेने आए लोगों से जब यह पूछा गया कि विश्व की सबसे 'महंगी' हल्दी को खरीदकर आपने क्या किया? तब लोगों ने जवाब दिया कि दिव्यांगों के सेवार्थ माध्यम बनी।

कृषक जगदीप सिंह वर्मा से खरीदी हल्दी को अपने पर्स में, गल्ले में या पूजा स्थान पर रखकर बरकत प्राप्त करने की मनोकामना की है। एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 100/- में एक ग्राम हल्दी खरीदने वाली डॉ. खूबचंद स्मृति भिलाई 3 स्थित महाविद्यालय की अस्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अल्पना देशपाण्डे ने बताया कि जब से उन्होंने जगदीप से हल्दी खरीदकर अपने पर्स में डाला है, तब से उन्हें सुख-समृद्धि में वृद्धि सहित एक अलग ही प्रकार के आनंद की अनुभूति हो रही है।

एक अन्य खरीदार दिलीप वारे, जो ललता चौक स्थित राठौर प्लाजा में व्यवसायी हैं ने बताया कि दिव्यांगों के जीवन को आसान बनाने में मददगार जगदीप सिंह वर्मा द्वारा 8 महीने पहले बेची गई इस पवित्र हल्दी को अपने गल्ले में रखकर ईश्वर से व्यवसाय में सौभाग्य प्राप्ति सहित परिवार में सुख-शान्ति बनाये रखने की मंगल कामना की थी, जिसका शुभ-प्रभाव उन्हें अनुभव हो रहा है।



### दिव्यांग मोहनलाल ने साझा किया अनुभव

कार्यक्रम में हितग्राही दिव्यांग मोहनलाल साहू भी मौजूद थे, सभी ने उनसे हालचाल पूछने के साथ जब उनके काम के बारे में पूछा तब मोहन ने बताया कि अब वह अपने पिता के साथ सब्जी बेचने जाता है, बहुत ही जल्द वह स्वयं का फल का चलता फिरता दुकान, मिशन वर्ल्ड रिकॉर्ड से प्राप्त मोटोराइज्ड तिपहि॰ में प्रारंभ करेगा। मोहन तिपहिया को प्राप्त कर

### ऐसे कर रहे समाज की सेवा

बता दें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के हांडी पारा निवासी इंजीनियर-किसान-स्वयं सेवक, जगदीप सिंह वर्मा ने 500 से भी अधिक संवेदनशील जनों को अपने खेत की हल्दी को न्यूनतम 10,000/- प्रति किलोग्राम में बेचकर, 21 जनवरी 2018 को, रायपुर कलेक्टर ओ.पी. चौधरी की उपस्थिति में मोहनलाल साहू नामक दिव्यां॰ को बैटरी चलित तिपहिया दिया। एक अन्य दिव्यांग व्यक्ति को जगदीप ने सन 1995 से शैक्ष िक रूप से गोद लिया हुआ था, दुर्घटना में चोट लगने पर उसे 2013 में 55 हजार की मोटोराइज्ड भी दिया है।

अमन पथ 04.02.18

# 450 दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रगान गाने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

**रासपुर। नईदुनिया रिपोर्टर**

वर्ल्ड डिसेबल्ड डे के अवसर पर राजधानी स्थित एक मॉल में 450 से अधिक दिव्यांग बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगान गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान बच्चों ने जय भारत माता... के नारे भी लगाए। क्रिएटिव आईस प्रमोशन संस्था की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर, प्रज्ञा करण बधिर स्कूल, घरौंदा, सेवा निकेतन, प्रेरणा स्कूल ऑफ ब्लाइंड, आकांक्षा स्कूल जैसे कई संस्थानों के दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुतियां दी। प्रेम रतन धन पायो..., चित्तियां कलाईयां..., पिंगा द पोरी..., चने के खेत में..., नगाड़े संग ढोल... आदि गानों पर डांस किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। क्रिएटिव आईज से सतीश कटियार ने बताया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को बच्चों ने खूब एंजॉय किया, मॉल भी घूमे। मंत्री केदार कश्यप, सपना कुकरेजा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

**वर्ल्ड डिसेबल्ड डे पर आयोजन**

हरिभूमि जिंदगी लाइव
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
रायपुर, शुक्रवार 31 मार्च 2017

# दिव्यांग बालिकाओं का हुआ सम्मान, खिले चेहरे

सफलता किसी चीज की मोहताज नही होती है। हौसला हो तो सफलता कदम चूमती है। आज दिव्यांग बालिकाएं किसी भी मामले में सामान्य बच्चों से कम नही है। ईश्वर ने भले ही उन्हें बोलने सुनने की शक्ति न दी हो पर यह अपने कॉमन सेंस से हर विधा समेत पढ़ाई में भी अव्वल है। हर विधा में दिव्यांग बच्चे अपनी उपस्थित दर्ज कर रहे है।



रायपुर। सम्मान का ऐसा ही नजारा सुन्दर नगर स्थित कोपलवाणी श्रवण-बाधित स्कूल के बालिकाओं को नारी सम्मान से नवाजा गया।कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली बालिकाओं को उन्हें सम्मान में प्रमाण-पत्र, श्रीफल एवं क्राउन पहनाकर किया गया। इस खुशी के मौके पर बालिकाओं के चेहरे खिल गए। सम्मान पाकर उनके चेहरे की खिलती हुई मुस्कान देखते ही बनी।

**बालिकाएं बनें आत्मनिर्भर**

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने कहा, छात्राओं को स्वरोजगारपरक बनाने की आवश्यकता है। जब ये छात्राएं यहां से निकलेंगी तो अपने पैरों पर खड़े हो सके। छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की बालिका इकाई द्वारा कौशल उन्नयन के लिए आश्वासन दिया गया। इस मौके पर संस्था की फाउंडर विशिष्ट अतिथि पद्मा शर्मा, अदिति देशपांडे, डॉ. अल्पना देशपांडे, नीतू, रानी पाल तायोसवी, पूनम भारद्वाज सहित शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

हरिभूमि रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 मार्च 2017

तकनीकी शिक्षा और सहयोग प्रदान कर रोजगार से जोड़ने चलाया अभियान

# कलेक्टर चौधरी ने दिव्यांगों के प्रति समर्पित जगदीप का बढ़ाया उत्साह

## फंड जुटाने के लिए 'हल्दी' बेचने का उठाया बीणा

अमन पथ न्यूज

**रायपुर।** यूं तो लोग अपने परिवार की परवरिश करने में ही जिन्दगी भर जूझते रहते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो परिवार के साथ ही समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया करते हैं। ऐसे ही व्यक्तियों में शामिल हैं रायपुर शहर के हांडीपारा निवासी इंजीनियर जगदीप वर्मा। जगदीप वर्मा ने नौकरी छोड़कर अब अपना जीवन दिव्यांगों की दिशा को बदलने के लिए समर्पित कर दिया है। उनका मानना है कि दिव्यांगों को चंद सहयोग देने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय दिव्यांगों को तकनीकी शिक्षा और सहयोग प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जाये ताकि वह खुद अपनी दशा सुधारने के साथ परिवार का सहारा बन सके। प्रयोग के तौर पर उन्होंने 'हल्दी' बेचकर एक तिपहिया रिक्शा खरीदने भर का फंड जुटाया और इसे एक दिव्यांग मोहन लाल साहू को प्रदान किया। इस तिपहिया



को दिव्यांग को प्रदान करने के लिए जगदीप ने कलेक्टर रायपुर ओपी चौधरी को बुलाया तो वह समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जगदीप का उत्साह बढ़ाने पहुंचे। जगदीप ने इस मौके पर उन सभी लोगों को भी बुला रखा था जिन लोगों ने उनकी 'हल्दी' को खरीदकर फंड जुटाने में मदद की थी। जगदीप ने जो तिपहिया दिव्यांग को प्रदान किया है उसका नाम 'गौतम बुद्ध त्रिचक्र रथ' रखा है। इस मौके पर डॉ. अल्पना देशपांडे, मनहरण वर्मा, अमन आडिल, टीकाराम मरकाम समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# बेटी के जन्म पर 16 घरों में मना उत्सव

एजुकेशन रिपोर्टर | भिलाई

सिरसाकला में 16 घरों में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व बेटी बचाओ मंच ने एक माह में बेटियों के जन्म लेने पर उत्सव मनाया गया। इस दौरान 90 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को दुर्गा सम्मान भी दिया गया।

नारी सशक्तिकरण पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेटी बचाओ मंच के प्रांताध्यक्ष ललित मिश्रा थे। ये कार्यक्रम डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 की राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के 7 दिवसीय शिविर के दौरान हुए। स्कूलों के बच्चों को कौशल उन्नयन के तहत प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर की शुरुआत राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष शताब्दी पांडेय ने माध्यमिक शाला में की। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने की। उन्होंने एनएसएस से कॉलेज के विकास में योगदान व ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाभावी कार्यों के बारे में बताया। विशेष अतिथि शाला के प्रधानपाठक रामकुमार वर्मा थे। एनएसएस प्रभारी डॉ. अल्पना देशपांडे व दल नायक आकांक्षा दीक्षित अतिथियों को सम्मानित किया। दूसरे दिन ग्रामीणों को कैशलेस से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा पौधारोपण हुआ। तालाब के आसपास साफ-सफाई की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। अगले दिन स्कूल प्रांगण में पौधारोपण व सर्वे कार्य हुआ। मुख्य अतिथि हाईस्कूल की प्राचार्य सुषमा थीं। अध्यक्षता कॉलेज की प्राध्यापक मंजू दांडेकर ने की।



गांव में बेटियों के जन्म पर मनाई गई खुशी, माताओं का सम्मान भी किया।

गांव के वरिष्ठजनों का अभिनंदन भी किया गया। प्रावीण्य सूची में आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। विशेष रूप से मंच के प्रांताध्यक्ष ललित मिश्रा मौजूद थे। शालेय स्तर पर कहानी व चित्रकला प्रतियोगिता हुई। एनएसएस की छात्राओं ने महिला जागरण के लिए कक्षाएं भी ली।

# कोरोना से बचाव हेतु जागरूकता



लॉकडाउन के समय में महाविद्यालय के स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर सेवा भाव से एवं स्वप्रेरणा से सामाजिक दूरी बनाकर जागरूकता अभियान चलाया। मेरे मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने अपने घर में मास्क सिलाई कर अपने ग्राम के घर-घर जाकर 500 मास्क वितरित किए। जागरूकता संबंधी पोस्टर एवं पेंटिंग बनाकर वॉट्सएप एवं गांव में प्रत्यक्ष दूरी के साथ प्रदर्शित किया। गांव में जाकर दीवारों में नारे एवं चित्र बनाए। नलकूपों, राशनदुकानों, बैंक आदि जगहों में चूने के गोल घेरे बनाकर सामाजिक दूरी बनाने के लिए सलाह दिए। विडियो एवं प्रत्यक्ष रूप से से लोगों को हाथ धुलाई के स्टेप्स बताकर साबुन से हाथ धोने हेतु प्रेरित किया। फिटकरी एवं घरेलु सामान से हैण्ड सेनेटाईज़र बनाकर विरतरित किया। बाजारों में सामाजिक दूरी बनाकर सब्जी खरीदने की जानकारी दी। मेरे मार्गदर्शन में 55 स्वयंसेवकों ने माबाईल पर आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड किया एवं स्वयंसेवकों ने स्वयं के परिवार एवं ग्राम वासियों को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड कर उसमें दी गई जानकारी एवं नियमों का पालन करने हेतु निदेर्शित किया।









## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने 500 मास्क तैयार कर बांटे





दबंग रिपोर्टर » रायपुर

डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई- 3 के राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए मास्क का निर्माण किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अमृता कस्तूरे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्पना देशपांडे के मार्गदर्शन में लॉक डाउन का पालन करते हुए स्वयंसेवकों द्वारा 500 कपड़े के मास्क घर में सिलाई करके अपने अपने ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल डिस्टेंस बनाकर वितरित किए गए। दलनायक कुमारी हर्षा वर्मा ने छोटे बच्चों के लिए कार्टून डिजाइन के कपड़ों से मास्क बनाए। स्वयं सेवक कुमारी त्रिवेणी ने वीडियो से लोगों को संदेश दिया कि वह मास्क बनाकर अपने आसपास के लोगों को वितरित करें।

दबंग दुनिया

## रासेयो की स्वयंसेविकाओं ने डाउनलोड किए आरोग्य सेतु एप



दबंग रिपोर्टर » रायपुर

डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 में रासेयो बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना देशपांडे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के स्वयंसेविकाओं ने आरोग्य सेतु एप डाउनलोड किया। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने-अपने गांव के ग्रामीणों को भी एप डाउनलोड करवाया और लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर साबुन और सैनेटाइजर भी बांटे गये। कार्यक्रम में स्वयंसेविका वर्षा पांडे, हर्षा वर्मा, सत्या यादव, त्रिवेणी, दीप्ति, अंजली माणिकपुरी, निधि, पूजा, रत्ना चंद्राकर, कु

दबंग दुनिया

## स्टूडेंट्स ने एचआईवी पर लिखा निबंध, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

भिलाई| शासकीय कॉलेज भिलाई-3 में एनएसएस की रेड रिबन क्लब संयोजक डॉ. अल्पना देशपांडेय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें एचआईवी से बचाव पर निबंध, पोस्टर, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयो

दैनिक भास्कर

## एनएसएस के बी प्रमाण पत्र के लिए स्वयंसेवकों ने दी परीक्षा, सिद्धांत और उद्देश्यों पर किए सवाल

सिटी रिपोर्टर | भिलाई



भिलाई-3 कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई ने परीक्षा दी।

डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज भिलाई 3 की राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई ने प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया। इसमें एनएसएस में 2 वर्ष ग्रामीण अंचल में सात दिवसीय विशेष शिविर करना और हर साल 120 घंटे नियमित गतिविधियों में कार्य करना सभी स्वयंसेवकों के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कल्पना देशपांडे ने बताया कि ऐसे स्वयंसेवक ही बी प्रमाण पत्र परीक्षा में साक्षात्कार के लिए पात्र होते हैं। डॉ. केके अग्रवाल ने स्वयं सेवकों का साक्षात्कार लिया, जिसमें उनसे एनएसएस का लक्ष्य उद्देश्य सिद्धांत, प्रेरणा पुरुष, एनएसएस का प्रतीक चिन्ह, बेड का अर्थ एनएसएस से जुड़ने के कारण, अनिवार्य गतिविधियां आदि के संबंध में सवाल किए। डॉ. देशपांडे ने डॉ. अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। दल नायक हर्ष वर्मा, मंजू चंद्राकर, ज्योति वर्मा, कुसुम विश्वकर्मा, पद्मनी मदरिया, तनूजा साहू, नीतू साहू, मोनिका वर्मा, जयश्री निर्मलकर आदि परीक्षा में शामि

दैनिक भास्कर 06.03.19

## प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज़ | भिलाई



कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं की रंगोली को देखते निर्णायक।

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 में राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई ने अलग-अलग थीमों पर प्रतियोगिताएं कराईं।

इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया, पर्यावरण बचाओ, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता, छत्तीसगढ़ की संस्कृति जैसे थीमों पर रंगोली, ग्रीटिंग्स, अल्पना, दीया सजावट व पूजा थाली सजावट की प्रतियोगिता हुई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी बंछोर, द्वितीय निशा निषाद, तृतीय श्वेता नंदेश्वर रही। ग्रीटिंग सजाओ में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम प्रभदीप गौतम, मधु वर्मा, द्वितीय आफरीन खान, तृतीय सौम्या सिन्हा रहे। दीप सज्जा में प्रथम शीतल सारथी, द्वितीय आकांक्षा दीक्षित, तृतीय पद्मावती, पूजा थाली सज्जा में प्रथम रीना हिचानी, द्वितीय श्वेता नंदेश्वर, तृतीय अनुराधा पटेल, अल्पना सजावट में प्रथम रूचिता रानी, रिंकी शाहा, द्वितीय अनुराधा, तृतीय

दैनिक भास्कर 26.10.17

## एनएसएस के बी प्रमाण पत्र के लिए आयोजित हुई परीक्षा

दबंग रिपोर्टर | रायपुर



डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 की राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु एनएसएस में 2 वर्ष ग्रामीण अंचल में सात दिवसीय विशेष शिविर एक करना एवं प्रतिवर्ष 120 घंटे नियमित गतिविधियों में कार्य करना सभी स्वयंसेवकों हेतु अनिवार्य है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ कल्पना देशपांडे ने बताया कि ऐसे स्वयंसेवक ही बी प्रमाण पत्र परीक्षा में साक्षात्कार हेतु पात्र होते हैं । महाविद्यालय में डॉ के के अग्रवाल द्वारा स्वयंसेवकों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें उनसे एनएसएस का लक्ष्य, उद्देश्य, सिद्धांत, प्रेरणा पुरुष, एनएसएस का प्रतीक चिन्ह बेड का अर्थ, एनएसएस से जुड़ने के कारण, अनिवार्य गतिविधियों का चयन, आत्मक गतिविधियां, लक्ष्य गीत, प्रेरणा गीत, शिक्षा, श्रमदान, पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, नारी चेतना, नशा मुक्ति, आर्थिक विकास, समाज सेवा के अन्य गतिविधियां आदि के संबंध में प्रश्न किए गए। साथ ही आज के समय में स्वच्छता की आवश्यकता के बारे में विस्तृत ऐतिहासिक जानकारियां दी एवं एनएसएस के इतिहास के बारे में भी प्रकाश डाला। डॉक्टर अल्पना देशपांडे द्वारा डॉ के के अग्रवाल जी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। दल नायक कुमारी हर्ष वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कुमारी मंजू चंद्राकर, ज्योति वर्मा, कुसुम विश्वकर्मा, पद्मनी मदरिया, तनूजा साहू, नीतू साहू, मोनिका वर्मा, जय श्री निर्मलकर, दीप्ति नेताम, तरणी सारथी, शहनाज, शेख चंचल, मौसमी बंछोर, सोमेश्वरी निषाद, माधुरी वर्मा, कल्पना ठाकुर, पूजा पंडित, हेमपुष्पा, द्रोपति ठाकुर, तारिणी चंद्राकर, रितु धनकर, मोनिका वर्मा, छाया यादव आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

दबंग दुनिया 07.03.19

# ईटीआई ट्रेनिंग में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**महाविद्यालयों और स्कूलों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के लिए श्री सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर रविशंकर यूनिवर्सिटी के ईटीआई द्वारा आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश भर के 40 कार्यक्रम अधिकारी शामिल हुए।**



**भिलाई-3।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे भी प्रशिक्षण में शामिल हुईं। शिविर को राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय निर्देशक डॉ.जीके टुटेजा नई दिल्ली ने विशेष रूप से संबोधित किया। अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञों ने कार्यक्रम अधिकारियों को अपने ज्ञानवर्धक वक्तव्य से प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी एवं उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग डॉ. समरेंद्र सिंह, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवकुमार पांडे, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. नीता बाजपेई, दुर्ग जिला समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल, शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई की प्राचार्य डॉ. रक्षा सिंह, बिलासपुर विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. एएलएस चंदेल, पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी, बाल कल्याण आयोग की अध्यक्ष शताब्दी पांडेय, मप्र व छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डीएन गड़वाल भोपाल, उत्तरप्रदेश सहायक कार्यक्रम समन्वयक अशोक श्रोती ने विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरक, ज्ञानवर्धक तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम अधिकारी कल्पना भगत द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया।

**एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों को दिया गया वृहद प्रशिक्षण**

# हुनरमंद बन आगे बढ़ने की राह पर बेटियां




**भिलाई.** शहर की बेटियां अब हुनरमंद बनने की राह पर निकल पड़ी हैं। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज भिलाई-3 में सोमवार से पांच दिवसीय ब्यूटी पॉर्लर वर्कशॉप शुरू हुई है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्राएं इससे जुड़ा हुनर सीखेंगी। स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 16 मई तक चलने वाली इस वर्कशॉप में उन्हें थ्रेडिंग, फेशियल, पार्टी मेकअप, मैनेक्योर ब्लीचिंग, वैक्सीन, पैडेक्योर हेयर स्टाइल, हेयर मसाज, हिना, साडी, रैपिंग, आई मेकअप, फेस पेक आदि की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण मनिंदर कौर देंगी। वर्कशॉप के पहले दिन चेहरे की आकृति के अनुसार किस प्रकार की थ्रेडिंग की जाए इसकी विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मंजुला गुप्ता एवं डॉ. अल्पना देश पाण्डेय है। प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने छात्राओं की हौसला अफजाई कर उन्हें बेहतर तरीके से प्रशिक्षण लेने की सीख दी।

# शासकीय महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव

**भिलाई तीन.** राष्ट्रीय सेवा योजना का विजयपुर कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रदेश के स्वयंसेवकों ने पांच प्रतियोगिता में प्रथम एवं दो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

**उपलब्धि**

- शर्मिला ने एकल नृत्य व रंगोली में हासिल किया प्रथम स्थान



विभिन्न स्पर्धाओं की विजेता शर्मिला के साथ कॉलेज स्टाफ.

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की एनएसएस बालिका इकाई की स्वयंसेवक शर्मिला विश्वास ने शिविर के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य, रंगोली में प्रथम स्थान हासिल की. समूह नृत्य, समूह गायन, वाद विवाद, प्रश्नमंच आदि में प्रस्तुति देने वाली टीम छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार दिया गया. शर्मिला को अनेक प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय स्थान प्राप्तहोने के कारण ऑलओवर परफार्मेंस प्रदान किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने प्रोत्साहित किया एवं एनएसएस बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केके अग्रवाल,डॉ. अमृता एस. कस्तूरे ,महाविद्यालय की अध्यक्ष रीतू कोसरे, उपाध्यक्ष अनमोल तिवारी, सचिव रोहित चौधरी,सह-सचिव एकता वर्मा एवं अनेक छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर बधाई दी.

# सिकलसेल पर लगा जागृति शिविर



➲ एनएसएस कैडेटों ने चलाया

दुर्ग. डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 में सिकल सेल संस्थान रायपुर एवं मेडिकल कालेज रायपुर के सहयोग से एक दिवसीय सिकल सेल जनजागरूता एवं जांच शिविर का आयोजन एनएसएस की बालिका

शिविर का उद्घाटन कालेज की प्राचार्या डॉ. राधा पांडे ने किया.उन्होंने बताया कि सिकल सेल के प्रति जागरूकता से समय रहते उपचार व परामर्श लिया जाये तो स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर होगा तथा प्रत्येक विद्याथी को अपना ब्लड ग्रुप जानना भी आवश्यक है इस शिविर में 190 छात्रा/छात्राओं ने सिकल सेल जांच करायी जिसमे 11 छात्रों में सिकल सेल रोगी/वाहक के लक्षण पाये गये. शिविर की संयोजक डॉ. अल्पना देशपांडे लगातार स्वास्थ्य जागरूकता के लिए शिविरों का आयोजन करती रहती हैं, जिससे युवा छात्रों में जागरूकता बढ़ने से स्वस्थ समाज का विकास होगा. प्रशिक्षण समन्वयक आंनद देव ताम्रकार ने छात्र छात्राओं को सिकल सेल पर प्रशिक्षण दिया.

डॉ. देशपांडे ने सुझाव दिया है छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनिमिया की समस्या ज्यादा है. अतः राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा व्यापक जन जागरूकता लाकर तथा समाज के सभी वर्ग को एकजुट होकर राज्य को सिकलसेल मुक्त प्रदेश बनाना होगा. सिकल सेल रोग के जाँच हेतु मेडिकल कॉलेज रायपुर के सिकल सेल प्रोजेक्ट दल के डॉ. शशिकांत स्वर्णकार असिस्टेंड सर्जन डॉक्टर, डॉ. कृष्णा राव, निखिलेश धीवर,लैब टेक्निशियन, छत्रपाल नेताम, लैब अटेन्डेन्ट तथा पुरूषोत्तम साहू ने रक्त परीक्षण का कार्यक्रम सम्पादित किया. डॉ. अल्पना देशपांडे के मार्गदर्शन में आयोजित सिकल सेल जागरूकता शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की 50 कैडेट्स ने अपनी सहभागिता दी.

# कालेज स्टाफ ने वृद्धों को शाल भेंट की



दुर्ग. डा. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की रेडक्राससोसाइटी की इकाई ने गत दिवस वृद्धाश्रम पुलगांव नाका के वृद्धजनों को शाल भेंट किया. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. श्रीमती राधा पांडेय,रेडक्रास सोसाइटी की संयोजक डा. नमिता गुहाराय, डा. भारती सेठी तथा डा. अल्पना देशपांडेय तथा छात्राएं कावेरी, पूनम गुप्ता, निधि सोनम एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक साथ थे.सोसाइटी केसदस्यों ने वृद्ध-वृद्धाओं के साथ बैठकर उनके अनुभव व दुख-सुख शेयर किए. वृद्धाश्रम केस्टाफ तथा व्यवस्थापक श्री वर्मा ने भेंट के दौरान भरपूर सहयोग प्रदान किया.

# प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को सर्टिफिकेट



भिलाई तीन. डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में विगत 1 माह से आयोजित सिलाई एवं कढ़ाई सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) राधा पाण्डेय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य के द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी होने के लिए आयोजित होने वाले छोटे-छोटे कोर्स में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया. सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण कोर्स में श्रीमती समिंदर कौर सुरी खुर्सीपार निवासी द्वारा विभिन्न प्रकार के कढ़ाई (एमब्राइडरी) का प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) भारती सेठी एवं डॉ. (श्रीमती) अल्पना देशपाण्डे द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में 56 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रशिक्षण के पश्चात परीक्षा लेकर को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राचार्य द्वारा वितरित किया गया.

# छात्राएं ले रही सुंदरता बढ़ाने के टिप्स

## भिलाई 3 महाविद्यालय में 7 दिवसीय ब्यूटी पार्लर कार्यशाला




कार्यशाला में उपस्थित महाविद्यालय की छात्रा व शिक्षिकाएं

भिलाईनगर.

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में तक सात दिवसीय ब्यूटी पार्लर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ जिसका औपचारिक उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) राधा पाण्डेय ने किया. प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) राधा पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत इस प्रकार के कोर्स निरंतर चलते रहते है जिससे विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी अपने अभिरूचि के अनुसार कार्यशाला में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं.

महाविद्यालय में समर कोर्स के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण हेतु श्रीमती मनिंदर कौर खुर्सीपार भिलाई द्वारा सेल्फ कोर्स सिखाया जा रहा है जिसके अंतर्गत थ्रेडिंग, फेशियल, पार्टी मेकअप, मैनेक्योर ब्लीचिंग, वैक्सीन, पैडेक्योर हेयर स्टाइल, हेयर मसाज, हिना, साडी, रैपिंग, आई मेकअप, फेस पेक आदि की जानकारी दी जाएगी. आज चेहरे की आकृति के अनुसार किस प्रकार की थ्रेडिंग कैसे की जाए इसकी विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई.

## गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, मुंबई व छग के गायकों ने दी मोहक प्रस्तुति

# गीत-संगीत से मना वूमेन्स एरा 2017

दबंग रिपोर्टर ▸ रायपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्कृति भवन रायपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जेसीआई, क्रिएटिव आइज व सत्यकाम सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उच्चपद पर आसीन महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ संगीत की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। वहीं मुंबई की प्रसिद्ध गायिका ज्ञानिता द्विवेदी ने अपने गीतों से लोगों के मन को मोह लिया। साथ ही छत्तीसगढ़ी प्लेबैक सिंगर अभिषेक शर्मा व दिलीप ने भी अपने गीतों से श्रोताओं को लुभाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद दुबे, महापौर रायपुर उपस्थित रहे।

महिलाओं को किया गया सम्मानित




**सम्मान पाकर खुश हूं**

मैं सम्मान पाकर खुश हूं। ये वर्तमान समय महिलाओं का है और हर महिला को इस अवसर को भुनाना चाहिए।

-नूपुर यशवंत राज

**प्रत्येक महिला है सम्मान की हकदार**

इस सम्मान की हकदार प्रत्येक महिला है जो किसी न किसी रूप में अपने कर्तव्य को निभा रही है।

-शताब्दी पांडेय

### रूढ़िवादिता खत्म करने का लिया संकल्प

उच्च पदों पर आसीन महिलाओं का इस रंगारंग कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस दौरान सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए व समाज में महिलाओं के बदलते स्वरूप की तारीफ की। साथ ही भविष्य में रूढ़िवादिताओं को समाप्त करने का संकल्प लिया।

### गीत-संगीत से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ व मुंबई के कलाकारों ने गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम में बांधे रखा। वहीं मुंबई की गायिका के गीतों का श्रोताओं ने भरपूर लुत्फ उठाया। मंच में मौजूद महिलाओं ने भी अपनी गायिका कला का उम्दा प्रदर्शन किया। गीत-संगीत के बीच महिलाओं का सम्मान भी किया गया।

### मौसम ने भी निभाया पूरा साथ

कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत के बीच मौसम ने भी अपना रूख बदल दिया। लोगों ने संगीत के साथ बने इस खुशनुमा मौसम का खूब आनंद लिया। अचानक हवाओं के बदलते रूख ने लोगों को आनंद के समंदर में गोता लगाने मजबूर कर दिया।

### डुएट गीतों में झूमे लोग

प्रोफेशनल गायकों ने डुएट गीतों का प्रदर्शन किया। खुशनुमा मौसम के अनुरूप गीतों की प्रस्तुति से लोग झूम उठे। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गूंज उठा।

## स्वच्छ भारत मिशन पर प्रतियोगिता



दुर्ग. डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के प्रांगण में नगर निगम चरोदा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित महाविद्यालयीन स्तर पर वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता रखी गई. प्राचार्य डॉ. श्रीमती राधा पाण्डेय के दिशा-निर्देश में किया गया. वाद-विवाद में प्रथम बब्बर खालसा पक्ष में द्वितीय कुणाल (विपक्ष) गुड़िया मिश्रा पक्ष में रहे. प्रश्नोत्तरी में प्रथम नेहा मिश्रा द्वितीय मधु वर्मा एवं तृतीय बब्बर खालसा रहे. प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती मंजुला गुप्ता, डॉ. अल्पना दुबे, डॉ. ममता सराफ एवं श्रीमती रेणु वर्मा थीं. परिणाम के पश्चात डॉ. अल्पना दुबे ने स्वच्छता के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतियोगियों को दीं. कार्यक्रम का संयोजन गृहविभाग की प्राध्यापिका डॉ. अल्पना देशपाण्डे ने किया. ज्योति, मानसी कुणाल, मनोज कुमार, विक्की, मानसी वर्मा, पूजा लक्ष्मी, सौम्या, गुलशन, नीलेश, चन्द्र कांत, धनश्याम देवांगन.

## ब्यूटी पार्लर से व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में सात दिवसीय ब्यूटी पार्लर कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत इस प्रकार के कोर्स निरंतर चलाए जाते हैं ताकि विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।




भिलाई। समर कोर्स के तहत आयोजित ब्यूटी पार्लर कार्यशाला में मनिंदर कौर खुसींपार द्वारा स्टूडेंट्स को सेल्फ कोर्स सिखाया गया जिसके अंतर्गत थ्रेडिंग, फेशियल, पार्टी मेकअप, मैनेक्योर, ब्लीचिंग, वैक्सीन, पैडीक्योर, हेयर स्टाइल, हेयर मसाज, हिना, साडी रैपिंग, आई मेकअप, फेस पेक आदि की जानकारी दी गई। छात्रों को यह भी बताया गया कि चेहरे की आकृति के अनुसार किस प्रकार की थ्रेडिंग की जाए। कार्यशाला में काजल श्रीवास्तव, आकांक्षा दीक्षित, ममता कुमारी, मेघा मंडावी, पायल, मोनिका साहू, चंचल चंद्राकर, सुजाता कुमारी, रम्या ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मंजुला गुप्ता व डॉ. अल्पना देशपांडे थीं।

## कार्यशाला: छात्राएं सीख रहीं पार्लर का कोर्स

भिलाई|डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में 9 मई को सात दिवसीय ब्यूटी पार्लर कार्यशाला की शुरुआत हुई। यह कार्यशाला से 16 मई तक जारी रहेगी। इसका औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा, कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत इस प्रकार के कोर्स लगातार चलते रहते हैं। जिससे विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी अपनी अभिरूचि के अनुसार कार्यशाला में हिस्सा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में



डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज में 7 दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत सोमवार को हुई।

समर कोर्स के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के लिए मनिंदर कौर खुर्सीपार ने सेल्फ कोर्स सिखाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत थ्रेडिंग, फेशियल, पार्टी मेकअप, मैनेक्योर ब्लीचिंग, वैक्सीन, पैडेक्योर हेयर स्टाइल, हेयर मसाज, हिना, साड़ी, रैपिंग, आई मेकअप, फेस पैक आदि की जानकारी दी जाएगी। पहले दिन चेहरे की आकृति के अनुसार किस प्रकार की थ्रेडिंग की जानकारी छात्राओं को दी गई। जिसमें काजल श्रीवास्तव, आकांक्षा दीक्षित, ममता कुमारी, मेघा मंडावी, पायल, मोनिका साहू आदि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मंजुला गुप्ता, डॉ. अल्पना देशपांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बार्बी क्रिएटिव स्टीचिंग कार्यशाला में छात्राओं को दिए टिप्स

# स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनाने पहल





प्रकार गृहविज्ञान ने सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8 जनवरी तक किया गया है। उद्घाटन प्राचार्य डॉ. श्रीमती पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यशाला में विविध उपयोगी व्यंजनों को घर

## भिलाई-3 कॉलेज में किया पौधरोपण



भिलाई| डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-तीन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस अधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार ठाकुर एवं एनएसएस छात्रा प्रभारी डॉक्टर अल्पना देशपांडे के नेतृत्व में छात्रों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण मौजूद थे।

## देशभक्ति जगाने 5 हजार लोगों को गिफ्ट किया तिरंगा बैज



सिटी रिपोर्टर • तिरंगे का सम्मान केवल नेशनल फेस्टिवल पर ही न हो, इसे अपने देश के सम्मान का प्रतीक मानें और अपनी डेली रूटीन में शामिल करें। इसी मकसद को ध्यान में रखते हुए तिरंगा वंदन मंच ने रविवार को हुए एक कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा लोगों को तिरंगा बैज निशुल्क बांटा। साथ ही इस बैज को रोज लगाने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर संस्था के मुकेश शाह, अनिल केवलानी, अजय शर्मा, विनोद छेतिजा, अनिकेत वोहरा, शुभा मिश्रा, अल्पना देशपांडे, रेखा शर्मा, चेतना जैन, पार्थ केवलानी, राहुल केवलानी व अन्य मौजूद रहे। संस्था के सदस्य पिछले काफी समय से ये नेक पहल कर रहे हैं। इसमें शिक्षाविद्, प्रोफेशनल्स और कई स्टूडेंट शामिल हैं।

## स्पर्धा में कालेज की छात्राओं ने सजाई रंगोली

■ डा. खूबचंद कालेज में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



छात्राओं द्वारा बनाई जा रही रंगोली का अवलोकन करतीं प्राध्यापिकाएं

दुर्ग. डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3, में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 16 से 22 दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. श्रीमती राधा पाण्डेय ने किया. प्राध्यापकों ने व्यवस्था एवं निर्णायक की भूमिका निभाई. प्रतियोगिता के अंतर्गत साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गतः- वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण एवं प्रश्न मंच का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य गायन, मेंहदी, रंगोली, पाककला, पुष्पसज्जा, कक्ष सज्जा, मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई . भाला फेंक, लंबी कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़ - महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके परिणाम इस प्करा रहे.

वाद-विवाद प्रथम - अंकित चंद्रिकापुरे, मीठे व्यंजन प्रथम - साधना भारती,द्वितीय आदर्श परिडा,तृतीय मनीशा, नमकीन व्यंजन, प्रथम - सुशमा सिंग, द्वितीय प्रतिभा,तृतीय शर्मिला बिश्वास, कक्ष सज्जा प्रथम - अर्जुन एवं ग्रुप,द्वितीय जया एवं ग्रुप, एकल गान प्रथम - किरण कुमार, द्वितीय सुषमा एवं देवकी, तृतीय शर्मिला एवं ऋतु, समूह गान, प्रथम - किरण कुमार एवं ग्रुप द्वितीय , शर्मिला एवं ग्रुप.तृतीय कल्पना एवं ग्रुप, एकल नृत्य प्रथम - जी. गौरीशंकर,द्वितीय नीतू, तृतीय शर्मिला, धनेश्वर साहू , समूह नृत्य प्रथम - शर्मिला एवं ग्रुप, द्वितीय अंकिता एवं ग्रुप रंगोली प्रथम - मनीषा,द्वितीय रूबीना, तृतीय अनुराधा पटेल, पुष्प सज्जा प्रथम -मनीषा यादव, द्वितीय फरजाना खातून, तृतीय दीपक साहू.

## डॉ. अल्पना को कल्चरल बुक ऑफ रिकाड्र्स इंडिया अवार्ड



बैंगलोर में आयोजन समारोह के दौरान सहायक प्राध्यापक को यह सम्मान मिला।

भिलाई| डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई -3, की सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्पना देशपांडे, को कल्चरल बुक ऑफ रिकाड्र्स इंडिया अवार्ड से नवाजा गया। यह अवार्ड उन्हें हाल ही में ग्रीटिंग कार्ड कलेक्शन और अदिती देशपांडे को हेकंर चिप्स कलेक्शन पर कल्चरल बुक ऑफ रिकाड्र्स इंडिया अवार्ड फंक्शन बैंगलोर में दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवप्पा आईईएस, विशेष अतिथि डॉ. श्रीनिवास एल्यूरी, डॉ. सुनीथा, राकेश वैद्य नई दिल्ली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम बैंगलोर मे आयोजित किया गया था। डॉ. अलप्ना को अब तक अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके है।

## गोल्डन बुक में नाम दर्ज करवाने में राजधानीवासी दूसरे नंबर पर

रायपुर (निप्र) । गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एडिशन-2015 में नाम दर्ज करवाने में राजधानी रायपुर देश में दूसरे स्थान पर है। पहले स्थान पर हैदराबाद ने कब्जा किया है। जिन कैटेगरी में नाम दर्ज हुए हैं उनमें अजब-गजब रिकॉर्ड, दुनिया बनाम भारत, सबसे बड़ा सबसे छोटा, संग्रह करने का रिकॉर्ड आदि शामिल हैं।सबसे बढ़िया छत्तीसगढ़िया को चरितार्थ करते हुए इस बार भी छत्तीसगढ़ की कई संस्थाओं एवं व्यक्तियों ने दुनिया में छत्तीसगढ़ सहित भारत का नाम रोशन किया है। महावीर इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ एकेडमी ऑफ पीडिएट्रिशिएन, मां बंजारी गुरुकुल, सेंट जेवियर स्कूल संस्थाओं के आलावा दर्शन सांखला, प्रदीप जनवाडे, लोकेश कावड़िया, सोनल राजेश शर्मा, अल्पना देशपांडे, अशोक मालू, पवन केसवानी, किशोर तारे, रावलमल जैनमणि, अदिती, अमितेश देशपांडे, नवल किशोर राठी, पुखराज बाफना, रागिनी कुटे, हिमांशु पंजाबी, तपेश गुप्ता, गट्टानी गौतम देवनानी, लक्ष्मीकांत शिरके आदि छत्तीसगढ़वासियों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# स्टूडेंट्स ने बनाए अनेक आकर्षक दीए

**डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा दीपावली के दीप, रंगोली, तोरण, झूमर, ड्रायफ्रूट बोन्स, मिठाई बोन्स, ग्रीटिंग्स, शो पीस, पर्स, पायदान आदि का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




**तोरण, झूमर, ग्रिटींग्स, मिठाई और ड्राई फ्रूट बोन्स बनाना भी सीखा**

**भिलाई-3।** दीपावली की तैयारी में पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मिट्टी के दीप, रिसाइकल पेपर से दीप, मिठाई बाक्स का निर्माण, सीडी से सजावटी दीये बनाना, ग्लूकोज गेरल से झूमर बनाना, प्लास्टिक ग्लास से तारेण बनाना, चिप्स एवं गुटके के पैकेट से पर्स एवं शो पीस पायदान आदि बनाने का राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्पना देशपांडे ने एनएसएस की बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के एक सप्ताह बाद इन चीजों से बनी सामग्री की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा जिससे मिली राशि का उपयोग गरीबों को आवश्यक चीजें बाटने में किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने विद्यार्थियों द्वारा दीप सज्जा हेतु विविधता पूर्ण सामग्री प्रशिक्षण उपरांत तैयार किए जाने की सराहना की। विद्यार्थियों को घरेलू व्यर्थ पदार्थों से कम कीमत पर तैयार किए गए सजावटी सामान एक ओर जहां क्रियेटीविटी बढ़ाते हैं वहीं आत्मविश्वास तथा अत्मनिर्भरता बढ़ती है। कायर्शाला में छात्रा शांति सिंह, पुनम भारद्वाज, पूजा, सुनिता, नीतु, वर्षा रानी, अनिता, सरला, रानी पॉल व आरती तपोसने सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं।

# छात्राओं ने सीखा आरी वर्क




**पत्रिका PLUS रिपोर्टर**

**भिलाई** ●. डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज, भिलाई-3 के गृह विज्ञान विभाग की ओर से कढ़ाई (आरी वर्क) की सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कालेज उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने किया। उन्होने छात्राओं को बदलते फैशन में आरी वर्क की उपयोगिता का महत्व बताया।

प्रशिक्षण के लिए आशु वरणदानी खूर्सीपार भिलाई मौजूद रहीं। उन्होने बताया कि आरी वर्क बारहवीं सदी से चला आ रहा है। लखनऊ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली इन शहरों में इसका प्रचलन अधिक रहा। फैशन के दौर में अन्य कढ़ाई की तुलना में इसकी अधिक उपयोगिता है।

इसके द्वारा सिप्पी वर्क ,स्टोन वर्क, डायमंड वर्क, शादी की साड़ियां, लाचा, सूट तैयार होते हैं। इस प्रशिक्षण में गृह विज्ञान की 41 छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न वस्त्रों में (आरी वर्क) कढ़ाई का मार्गदर्शन लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ: भारती सेठी एवं डॉ. अल्पना देशपांडे ने किया।

# एड्स दिवस निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज. भिलाई-तीन



■ भिलाई-तीन कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर विभिन्न आयोजन किए गए। प्राचार्य, एनएसएस के स्वयं सेवकों, एनसीसी कैडेट्स, छात्रों, प्राध्यापकों, छात्रसंघ पदाधिकारियों ने परिसर में विश्व एड्स दिवस पर जलती हुई मोमबत्तियों से प्रतीक चिन्ह बनाकर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्राध्यापकों, छात्रसंघ अध्यक्ष ऋतु कोसरे, सचिव रोहित चौधरी एवं 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने एड्स से बचाव हेतु जागरूकता नारे लगाए। प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने फ्लैग दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. चित्ररेखा डहरिया, डॉ. अमृता कस्तूरे, डॉ. तापस मुखर्जी, डॉ. भारती सेठी, नीलम शर्मा, डॉ. मनीष कालरा, सुशीला शर्मा एवं बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपांडे उपस्थित थीं।

# सिकल सेल के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**भिलाई (ब्यूरो)।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 में बुधवार को सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 190 विद्यार्थियों ने सिकल सेल जांच कराई। जांच में 11 छात्रों में सिकल सेल रोग वाहक के लक्षण पाए गए। अब इन छात्रों का फिर से कंफरमेशन टेस्ट किया जाएगा। इसके बाद उन्हें सिकल सेल कार्ड जारी किया जाएगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सिकल सेल के बारे में जागरूक भी किया गया।

भिलाई-3 कॉलेज में सिकल सेल संस्थान, रायपुर एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना की बालिका इकाई द्वारा एक दिवसीय

■ शासकीय कॉलेज भिलाई-3 में सिकल सेल जागरुकता अभियान

सिकल सेल जनजागरुता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राधा पांडे ने बताया कि सिकल सेल के प्रति जागरुकता से समय रहते उपचार व परामर्श लिया जाए तो स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर होगा। प्रत्येक विद्यार्थी को अपना ब्लड ग्रुप जानना भी आवश्यक है। इस शिविर की संयोजक डॉ. अल्पना देशपांडे ने बताया कि युवा छात्रों में जागरुकता बढ़ने से देश में स्वस्थ समाज का विकास होगा। सिकल सेल संस्थान रायपुर के प्रशिक्षण समन्वयक



बुधवार को भिलाई तीन शासकीय कॉलेज में सिकल सेल की जांच कराती छात्रा।

आनंद देव ताम्रकार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से उनके बच्चों को होता है। सिकल सेल रोग को विवाह पूर्व परामर्श देकर तथा सिकल कुण्डली का मिलान करके आने वाली पीढ़ी में प्रसारित होने से रोका जा सकता है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज रायपुर के सिकल सेल प्रोजेक्ट दल के डॉ. शशिकांत स्वर्णकार, असिस्टेंड सर्जन डॉक्टर, डॉ. कृष्णा राव, निखिलेश धीवर सहित अन्य उपस्थित थे।

---

विश्व महिला दिवस पर डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में स्वास्थ्य शिविर

# महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति रहें सजग-डॉ. राधा

■ हमारे प्रतिनिधि। चरोदा.

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में महिला दिवस के अवसर पर महिला सेल एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन चरोदा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने मां सरस्वती के पूजन से



छात्राओं को नियमित चिकित्सकीय जांच की आवश्यकता पर बल दिया. शिविर में प्रध्यापकगण सहित काफी छात्र-छात्राओं ने रक्त शर्करा एवं रक्तचाप की जांच करवाई जिनमें चिन्हित छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सलाह चिकित्सक डॉ. आरके सक्सेना एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई.

कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी की संयोजिका डॉ. नमिता गुहाराय, वूमेन सेल प्रभारी डॉ. भारती सेठी, सदस्य मंजू दाण्डेकर, सदस्य डॉ.

---

# लोगों को काबिल बनाने अल्पना को नेशनल अवॉर्ड

**सिटी रिपोर्टर** • स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देकर लोगों को स्वरोजगार और जॉब के लिए प्रेरित करने वाली डॉ. अल्पना को नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गया है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सोशियल एंड इकोनॉमिक्स रिफॉर्म्स की ओर से बंगलूरू के रंगमंदिर में कार्यक्रम रखा गया। इसमें टैगोर नगर निवासी व भिलाई स्थित डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज की डॉ. अल्पना देशपांडे को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, रिसर्च और पब्लिकेशन के लिए डॉ. राधाकृष्ण शिक्षा रत्न नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कर्नाटक फिल्म चैंबर आफ कॉमर्स के एमएन सुरेश, आईएएस डॉ. एचवी ने डॉ. अल्पना को मोतियों का हार पहनाकर गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अलग अलग फील्ड में बेहतर काम



कर रहे देशभर से 100 से भी ज्यादा लोगों को सम्मानित किया गया। डॉ. एनसीसी और एनएसएस से भी जुड़ी हैं। अब तक हजारों स्टूडेंट्स को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दे चुकी हैं। साथ ही 10 हजार से भी ज्यादा हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड संग्रह करने के लिए इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अल्पना का नाम दर्ज है।

---

# बोनसाई प्रशिक्षण जारी

**हरिभूमि न्यूज.** भिलाई-3

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में बोनसाई एवं बागवानी कार्यशाला जारी है। इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने किया था। इसका आयोजन महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र एवं गृह विज्ञान विभाग की अल्पना देशपांडे ने किया है।

कार्यशाला में बोनसाई सोसाइटी रायपुर के बोनसाई विशेषज्ञ अनिल वर्मा एवं रूचि वर्मा रॉक स्टाइल, ब्रूम स्टाइल, वीपिंग स्टाइल, फारेस्ट स्टाइल, मल्टीक्लय स्टाइल आदि 12 प्रकार की बोनसाई विधियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके अलावा किचन गार्डन, मौसमी फूलों एवं पत्तियों दशा, मिट्टी तैयार करने, गमलों का चुनाव, कटाई-छंटाई एवं रसायनों के छिड़काव से संबंधित विशेष जानकारी अनिल वर्मा दे रहे हैं। अनिल वर्मा को छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग



■ छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है बोनसाई बागवानी का प्रशिक्षण

द्वारा बोनसाई गुरू सम्मान प्रदान किया गया है। कार्यशाला में 80 से ज्यादा छात्रा छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विद्यार्थी निर्धारित समय से काफी पहले शिविर स्थल पर पहुंच जाते हैं।

**UNIQUE FAMILY** देशपांडे फैमिली के चारों सदस्य बना चुके हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड, अल्पना-अदिति को मिल चुका है इंटरनेशनल अवॉर्ड

# ये है वर्ल्ड रिकॉर्ड फैमिली, अवॉर्ड्स से भरा घर

लक्ष्मी कुमार

वर्ल्ड रिकॉर्ड यानी ऐसा काम जो दुनिया में किसी ने भी न किया हो। अरबों लोगों की इस दुनिया में वो एक ही शख्स होता है, जिसके नाम किसी खास काम को करने का रिकॉर्ड होता है। यानि की वो इंसान इंटरनेशनल होता है। ऐसे ही कुछ आम से दिखने वाले इंटरनेशनल सेलिब्रिटी हमारे शहर में भी रहते हैं।

इस रिपोर्ट के जरिए हम आपको मिलवा रहे हैं शहर की इंटरनेशल फैमिली देशपांडे फैमिली से। यहां हर सदस्य ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रखा है। तीस साल से हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड बनाते-बनाते अचानक एक दिन डॉ. अल्पना देशपांडे को सूझी की क्यों न कुछ बड़ा किया जाए। साल 2010 में एक दो नहीं बल्कि पूरे 10 हजार 8 हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड बनाने का कीर्तिमान इन्होंने अपने नाम किया। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इनका नाम दर्ज है। मम्मी को देखा तो बेटी ने भी कारनामा कर दिखाया। महज छह साल की उम्र में अदिति ने भी हैंडमेड रूमाल बनाना शुरू कर दिया। 2012 में जब 12 साल की हुई तो 5788 रूमाल बनाकर अदिति ने भी लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह बना ली।

## और भी कई रिकॉर्ड हैं इनके नाम

एमआर कॉलोनी निवासी देशपांडे परिवार की ये मां-बेटी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। इसके अलावा साल 2014 में अदिति और अल्पना ने 5 हजार हैंडमेड ग्लास पेंटिंग बनाकर ज्वाइंटली रिकॉर्ड बनाया।



## बिजी लाइफ में भी पैशनेट

डॉ. अल्पना देशपांडे भिलाई के शासकीय कॉलेज में सहायक प्राध्यापिका हैं। 14 साल की बेटी अदिति 10वीं की छात्रा है। इसके अलावा घर के कामों में हाथ भी बंटाती है। कुछ ग्लोबल करने की जिद की वजह से ही इन दोनों ने बिजी लाइफ से पैशन के लिए समय निकाला। कई बार हौसला टूटता है मगर टारगेट पूरा करने का पैशन ही इनकी कामयाबी का राज है। मां-बेटी की ये जोड़ी उनके लिए मिसाल है जो कुछ क्रिएटिव तो करना चाहते हैं मगर मौजूदा व्यस्तता का बहाना बनाकर कुछ नहीं करते। अब ये जोड़ी वेस्ट चीजों से होम डेकोरेटिव्स बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। दोनों को विश्वास है जल्द ही एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड इनके नाम होगा।

## इनके नाम भी है वर्ल्ड रिकॉर्ड

अल्पना के पति अरविंद और बेटे अमितेष के नाम भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हैं। अल्पना और अरविंद के नाम गोल्ड से स्मॉलेस्ट ज्वेलरी बनाने का रिकार्ड 2014 में दर्ज हुआ। इन्होंने कंगन, मंगलसूत्र, मांग टीका, पायल सहित 9 ऐसे ज्वेलरी आयटम बनाए, जिनका साइज नथ से भी छोटा है। इनके बेटे अमितेष ने 2014 में ऑनलाइन गेम एक्स बॉक्स में बेस्ट स्कोर बनाकर 5 लाख रुपए प्राइज जीतकर रिकॉर्ड बनाया था।

## दुनिया ने सराहा इन्हें

अदिति और अल्पना पर्यावरण के क्षेत्र में भी अच्छा काम कर रहे हैं। वे ब्लॉग सोसाइटी से भी जुड़े हैं। इसी साल 23 से 27 मई तक श्रीलंका के कोलंबो में पांचवीं इंटरनेशनल ब्लागेस्ट कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। इस आयोजन में अदिति को परिकल्पना पर्यावरण प्रतिभा सम्मान और अल्पना देशपांडे को परिकल्पना सार्क सम्मान 2015 से नवाजा गया।

# समाज में विशिष्ट योगदान के लिए छात्राओं का सम्मान

भिलाई। नईदुनिया प्रतिनिधि

## सद्भावना साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन

सद्भावना साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को रायपुर में हुआ। इसमें महिला दिवस पर डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की रासेयों की छात्रा आकांक्षा दीक्षित एवं सुमन वर्मा का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शताब्दी सुबोध पाण्डेय, अध्यक्ष मिनाक्षी टुटेजा, विशिष्ट अतिथि राजेश अग्रवाल, सुभाषिनी जार्ज सहित अन्य रहे। भिलाई-3 कॉलेज की प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने बताया की रासेयो कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे के नेतृत्व में महाविद्यालय की स्वयं सेवकों ने गोद ग्राम औंधी में सर्वे कर निःशुल्क शौचालय निर्माण में छात्राओं ने श्रमदान एवं तालाब एवं नालों की सफाई, पर्यावरण जागरुकता रैली के साथ पौधरोपण भी किया था।



समारोह के दौरान महिलाओं को सम्मानित करती अधिकारी। फोटो: नईदुनिया

# बच्चों को दिया कौशल उन्नयन प्रशिक्षण

## खूबचंद बघेल कॉलेज भिलाई-3 में आयोजन

भिलाई। ब्यूरो

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 में यूजीसी द्वारा आयोजित कौशल उन्नयन के लिए छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधाओं में तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) राधा पांडेय द्वारा किया गया। रायपुर से अनिल वर्मा गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड एवं नेशनल पुरस्कार से पुरस्कृत श्रीमती रूची वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनिल वर्मा एवं श्रमती रूची वर्मा ने बोनसाई बनाने के लिए पौधे का चुनाव, गमलों का चुनाव, सामान्य पौधें, फूलने व फलने वाले पौधों का चुनाव, मिट्टी बनाना, खाद, पौधें लगाना, कटाई छटाई व प्रुनिंग की जानकारी दी। रायपुर से रंगोली प्रशिक्षण देने आए शिवा मानिकपुरी नेशनल रंगोली आर्टिस्ट द्वारा रंगोली के लैंडस्केप, गलीचा, संस्कार भारती, पानी के अंदर, पानी के बाहर, 3-डी अनेक प्रकार की रंगोली का प्रशिक्षण दे रहें हैं। भिलाई से कु. गीतांजली सिन्हा द्वारा व्यर्थ सामग्रयियों से उपयोगी सामग्री बनानें का जैसे पेपर मैशी, प्लास्टिक स्पून, डिसपोजल स्पून, पॉट, लैम्प, फ्लावर आदि सजावटी सामग्री का प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन यूजीसी प्रभारी डॉ. नमिता हाराय एवं प्रोफेसर दिलीप राज श्रीवास्तव, डॉ.मनीष कालरा एवं संयोजक डॉ. अल्पना देशपांडे, सहसंयोजक डॉ. भारती सेठी, डॉ.मंजुला गुप्ता, डॉ.अलपना दुबे के मार्गदर्शन में 150 से ज्यादा छात्र छात्राएं उपरोक्त विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। प्रशिक्षण के बाद इन कलाकृति की प्रदर्शनी लगाई जायेगी।



कौशल उन्नयन के प्रशिक्षण में उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं। फोटो: नईदुनिया

## डिबेट में लोकेश महंत प्रथम

भिलाई-3। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के बीए भाग एक के छात्र लोकेश महंत ने शासकीय विश्वनाथ यादवराव स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप ) के तहत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। लोकेश महंत को पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार में 1000 रुपए नकद सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अल्पना देशपांडे, डॉ. विनोद शर्मा सहित समस्त प्राध्यापकों ने लोकेश को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सिलाई-कढ़ाई में सिद्धस्त हुईं छात्राएं

भिलाई। इसके पश्चात प्रशिक्षक एंव प्राचार्य का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सेठी एवं डॉ. अल्पना देशपांडे द्वारा किया गया। कोर्स का प्रशिक्षण शमिंदर कौर सूरी सिलाई कढ़ाई विशेषज्ञ द्वारा दिया जा रहा है। छोटी उम्र से ही सूरी सिलाई कढ़ाई का कार्य कर रही है, इन्होंने अपना प्रशिक्षण उषा सिलाई एवं कढ़ाई कोर्स मथुरा से प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की कढ़ाई जिसमें पंजाब की फुलहारी, कश्मीर की कसीदा, बंगाल



का काथा, कर्नाटक की कसूती एवं कच्छ की फुलकारी में चेन एवं हैरिंग बोन टाके बनाये जाते हैं। विभिन्न प्रकार के उपयोगी चीजें जैसे- रूमाल, टेबल मेट, टेबल क्लाक, कुशन कव्हर, चादरें इत्यादि कई प्रकार की चाजें तैयोर की जायेगी।

साथ ही विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की ड्राफ्टिंग कटींग और सिलाई द्वारा झबला, बेबी फ्राक, सलवार-सूट इत्यादि अन्य वस्त्र तैयार करवाएं जायेंगे। प्राचार्य द्वारा छात्राओं को सिलाई एवं कढ़ाई की उपयोगिता पर प्रकाश डाला एंव सिलाई-कढ़ाई एक कला के रूप में रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं जिसका महत्व छात्राओं को वतर्मान परिपेक्ष्य में बतलाया।

## योगा फेस्ट में क्राफ्ट मेकिंग सीख रहे हैं युवा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 16 जून। राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विवि में आयोजित 7 दिवसीय योग प्रशिक्षण व चिंतन शिविर योगा फेस्ट के तहत प्रतिभागियों ने शुक्रवार को योग, ध्यान प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ-साथ कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रदेश के 4 सौ प्रतिभागियों को 5 समूहों में बांटकर उन्हें अलग-अलग विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया।



समूहों ने हैंड पेपर एवं क्राफ्ट मेकिंग, मशरूम उत्पादन, फूड प्रोसेसिंग कम्पोस्ट मेकिंग सीखा। शिविर में शामिल प्रशिक्षुओं को प्रो. अल्पना देशपांडे ने हैंड पेपर एवं क्राफ्ट मेकिंग के तहत कई कलात्मक चीजें बनाना सिखाया। उन्होंने कांच की बोटल की विविध प्रकार से साज-सज्जा के अलावा आइस्क्रीम स्टिक से कलाकृति बनाना भी सिखाया।

डॉ. समरेंद्र सिंह राज्य संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने बताया कि 15 जून से 21 जून तक आयोजित योगा फेस्ट के तहत शामिल प्रतिभागियों को योगाभ्यास, ध्यान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा में समूहवार मशरूम उत्पादन तकनीक, धान के पैरा की कम्पोस्टिंग एंड हैण्ड मेड पेपर बनाने की तकनीक, नेक्टर बनाने की विधि और हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## तेरहवीं सदी के डाक टिकटों की लगी प्रदर्शनी



जगदलपुरः शा.दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में दुर्लभ सिक्कों की लगी प्रदर्शनी..

- अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर दंतेश्वरी कॉलेज में अनूठा प्रदर्शन
- छात्राओं को मिला लाभ

हमारे प्रतिनिधि

जगदलपुर. शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर में अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण विषय पर, डॉ. खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई से पधारी डॉ. अल्पना देशपांडे के द्वारा भारत एवं विश्व की विशिष्ट महिलाओं से संबोधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसमें सिक्के 13वीं 14वीं शताब्दी कालीन डाकटिकट एवं अन्य विषय संग्रहित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया. इस प्रदर्शनी में महारानी विक्टोरिया के सिक्के, इन्द्रिरा गांधी के चित्र वाला 100 रू. का सिका एवं इन्डोनेशिया तथा अन्य देशों की महिला राजनीतियों की फोटो वाले नोट, लोगों को विशेष रूप से पसंद आए, इन सभी दुर्लभ संकलनों से कॉलेज की छात्राओं को सामान्य ज्ञान की जानकारी मिली.

इस प्रदर्शनी में भारत की अनेक प्रसिद्ध महिलाओं के जन्मदिवस वाले लिफाफे, महिलाओं से संबंधित विभिन्न देशों के लिफाफे कवरिंग के साथ ही महिलाओं द्वारा लिखे गए दुर्लभ पोस्टकार्ड भी रखे गए थे. इस प्रदर्शनी को महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्राओं द्वारा सराहा गया. इस प्रदर्शनी से भारत ही नहीं विश्व की अनेक सशक्त महिलाओं की इतिहास की जानकारी प्राप्त हुई. इस प्रदर्शनी के महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि शुक्ला ने डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला, डॉ. अनामिका झा, बविता दीवान का विशेष योगदान रहा.

# डॉ. अल्पना का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई-3

केंद्र सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में रासेयो द्वारा इंदिरा गांधी विवि परिसर रायपुर में आयोजित योग एवं चिंतन शिविर में डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय समहाविद्यालय भिलाई-3 की बालिका रासेयो ईकाई ने भी भाग लिया। रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे के नेतृत्व में प्रतिदिन 80 स्वयं सेवकों को क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय की स्वयंसेवक रशिम यादव एवं हंसप्रभा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अतिथियों को प्रशिक्षण की जानकारी दी। अतिथियों ने स्वयं सेवकों द्वारा निर्मित सामग्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। समापन सत्र में डॉ. अल्पना देशपांडे तथा स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी।

# भिलाई-तीन महाविद्यालय में बोनसाई पर कार्यशाला शुरू



कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को बोनसाई की विभिन्न विधियों की जानकारी देते विशेषज्ञ।

भास्कर न्यूज|भिलाई

डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में बोनसाई एवं बागवानी पर कार्यशाला शुरू हुई। जिसका औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य डॉ राधा पांडेय ने किया। कार्यशाला में प्रशिक्षण के लिए बोनसाई विशेषज्ञ अनिल वर्मा एवं रूचि वर्मा रायपुर छत्तीसगढ़ बोनसाई, सोसाइटी द्वारा बोनसाई एवं बागवानी की विस्तृत जानकारी सात दिवसीय कार्यशाला में दी जाएगी। इस कार्यशाला में लगभग 10 से 12 प्रकार के बोनसाई की विधियां बताई जाएगी। इसके अलावा किचन गार्डन, मौसमी फूलों एवं पत्तियों की जानकारी, मिट्टी तैयार करना, गमलों का चुनाव, कटाई छटाई एवं रसायनों के छिड़काव से संबंधित विशेष जानकारी अनिल वर्मा द्वारा दी जाएगी। महाविद्यालय में लगभग 80 से ज्यादा छात्रा छात्राएं कार्यशाला में उपस्थित थे।

# हमारी धरोहर हैं बेटियां.. रुपए के लालच में न करें उनकी जिंदगी को तबाह



भिलाई। इप्टा की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयीन नाट्य स्पर्धा आयोजित हुई। यहां अमीना बिकती है... नाटक की प्रस्तुति ने सबको झंकझोर दिया। यह कहानी एक 13 साल के बच्ची की है। जिसकी शादी 65 साल के बुजुर्ग से होती है। इसके बाद वह परेशान होकर अपनी जिंदगी ही खत्म कर लेती है। इस कहानी के माध्यम से कलाकारों ने रुपयों के लालच में लड़कियों को ना बेचने का संदेश दिया। नाटक की निर्देशक डॉ अल्पना देशपांडे व लेखक आफताब हसनीन हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन की अवधारणा हर नागरिक को समझना जरूरी: केडी

सिटी रिपोर्टर|भिलाई-3

स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण नगर निगम भिलाई-चरोदा के सभागार में हुआ। आयोजन प्रमुख व आयुक्त केडी चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की अवधारणा को हर नागरिक को अच्छी तरह समझने की जरूरत है। स्वच्छता केवल आयोजन तक सीमित नहीं है, यह जिंदगीभर का काम है।

प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने पर्यावरण के प्रमुख घटकों को प्रदूषण मुक्त रखने व श्रीमती सिपहा ने अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्य निर्वहन पर बल दिया। समाजसेविका दुलारी वर्मा, कुसुम आग्नेकर, सरिता वैद्य, देवेन्द्र कुमार बंछोर, धरम दास बंजारे, संजय कुमार मैथिल, हेमंत मढ़रिया, राजकुमार देवांगन, तारिणी यादव, रूपाली चंद्राकर, रितेश कुमार सेन, मेघा साहू, मधु वर्मा ने भी विचार रखे। शुरू में आयोजन सदस्य रामकुमार वर्मा ने बताया कि स्वच्छता जागरुकता के लिए पहले स्कूल बच्चों को प्रेरित करना जरूरी है, ताकि वे बड़े होकर देश को स्वच्छता में दुनिया में आगे रख सकें। कॉलेज के स्टूडेंट्स बब्बर खालसा व कुणाल स्वच्छता को हर व्यक्ति से अपनाने की अपील की।



स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुई स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

## प्रतियोगिता के इन विजेताओं को मिला पुरस्कार

प्राथमिक शाला स्तर से वैभ निषाद अकलोरडीह, पी. हेमंत कुमार देवबलौदा, तारणी सुभ्रात भिलाई-3, पूर्व माध्यमिक स्तर से रूपाली चंद्राकर गनियारी, रितेश कुमार सेन जनता उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई-3, सनी लामा बिजली नगर विजेता रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर से नित्या वर्मा, मेघा साहू, अभिषेक रजक व महाविद्यालय स्तर से मधु वर्मा, नेहा मिश्रा, बब्बर खालसा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। उन्हें नगद राशि, प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

# डॉ. कलाम की याद में ग्रीटिंग कार्ड कलेक्शन

*27 जुलाई 2016 को देश के 11वें राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रथम पुण्यतिथि पर डॉ. कलाम के जन्म स्थान पैकरूमभु रामेश्वरम, तमिलनाडू में यह कार्यक्रम हुआ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउण्डेशन एवं असिस्ट वर्ल्ड रिकार्ड, तमिलनाडूं द्वारा आयोजित इस समारोह में अलग-अलग राज्यों से लगभग 25 रिकार्ड होल्डर जिसमें छत्तीसगढ़ की डॉ. अल्पना देशपांडे एवं अदिती*




भिलाई। ग्रिटिंग्स को असिस्ट वर्ल्ड रिकार्ड पांडिचेरी ने अपने म्यूजियम में 25 मई 2016 में प्रदशर्नी लगाकर संग्रहित किया है तथा अल्पना व अदिती ने इन

एपीजे. अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउण्डेशन एवं असिस्ट वर्ल्ड रिकार्ड तमिलनाडू द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में डॉ. अल्पना देशपांडे एवं अदिती देशपांडे ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ का नाम गौरान्वित ...। डॉ. अल्पना देषपांडे ने ...म जी के ग्रिटिंग कार्ड ...क्टर रामेष्वरम में प्रदर्शित ... वह कलेक्शन छत्तीसगढ़ के ... कलाकार विवेक सोलंकी,

सिद्धार्थ बोस, देव्येन्दु मित्रा, मोहन गोस्वामी, अदिती देशपांडे, प्रीतम आदि द्वारा निर्मित ग्रिटिंग्स प्रदर्शित की गई जिसे सभी लोगों द्वारा सराहा गया। अदिती देशपांडे ने अपने रूमाल कलेक्षन भेजकर प्रदर्शनी में सक्रिय हिस्सेदारी ली।

रामेश्वरम (तमिलनाडू) में असिस्ट वर्ल्ड ऑफ रिकार्ड के डायरेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे देश से विभिन्न रिकार्ड होल्डर द्वारा प्रदर्शनी में भाग लिया।




ब्रिटिश इंडिया कालीन स्टाम्प संग्रह में हुआ चयन, अपने कलेक्शन की प्रदर्शनी लगाकर वाहवाही लूट चुके हैं

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में रितेश

■ संवाददाता | खरियार.



...तेश जैन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है. छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुए साक्षात्कार के दौरान रितेश का चयन किया गया. गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड संस्था के नेशनल हेड डॉ. मनीष वैष्णवी ने रितेश को प्रसस्ति पत्र देकर उक्त अवार्ड से नवाजा. 36 वर्षीय रितेश जैन करमचन्द डूंगरवाल के चार बेटों में सबसे छोटा बेटा है. शीतल कलेक्शन के नाम से रेडिमेड कपड़ों के व्यापारी रितेश को बचपन से ही पुरानी चीजों व स्टाम्प, स्पेशल नम्बर के नोट व विदेशों की करेंसी इकट्ठा करने का शौक रहा. घर पर एक कमरे मे रखी कई अलमारियों में रितेश ने अपने कलेक्शन को संजों कर रहा है जिसे पूरा देखने के लिये एक सप्ताह से भी ज्यादा का समय लगेगा. स्थानीय स्तर पर वे कई बार अपने कलेक्शन की प्रदर्शनी लगाकर वाहवाही लूट चुके हैं. राज्य स्तरीय फिलोटेलिक एक्जीबीशन में वे कई बार पुरस्कृत किये जा चुके हैं. गोल्ड़न बुक में जगह बनाने वाले वे पश्चिम ओड़िशा के पहले व्यक्ति है. उनकी इस उपलब्धि के पीछे डॉ. कल्पना देशपाण्ड़े के दिशानिर्देश सराहनीय रहा. डॉ. कल्पना देशपाण्डे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में चार बार अलग-अलग स्तर पर अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं.

# 30 छात्राओं को सिखाया जा रहा मौसमी फल, सब्जियों से जैम, जैली, कैंडी बनाना

भास्कर न्यूज | भिलाई



डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में 7 से 11 नवंबर तक फल एवं सब्जी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एससी-एसटी छात्राओं को खाद्य एवं पोषाहार बोर्ड के अधिकारी कल्पिता आगवत व विकास डांगे द्वारा प्रशिक्षण दिया

**भोपाल.** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर गुरूवार को शहर में मौजूद संग्रहालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय, राज्य संग्रहालय, सप्रे संग्रहालय और दुष्यंत संग्रहालय में एग्जीबिशन से लेकर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा कुछ स्थानों पर गाइडिंग टॉक, लेक्चर और ट्रेजर हंट भी ऑर्गनाइज किया गया।

रीजनल साइंस सेंटर



# गीत संगीत के साथ हुआ वुमेन्स इरा 2017



अमन पथ न्यूज

रायपुर। महिला सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीत संगीत एवं गेम्स के साथ अंचल की विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ की जानी मानी गायिका ज्ञानिता द्विवेदी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं/युवतियों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण की घोषणा भी की गई। आयोजन डॉ. अजय सहाय और डॉ. मुकेश शाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाल आयोग की अध्यक्ष शताब्दी पाण्डेय समेत 38 महिलाओं का सम्मान किया गया।

# एनएसएस शिविर में शर्मिला ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना का कर्नाटक के विजयपुर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रदेश के स्वयं सेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 की एनएसएस बालिका इकाई की स्वयं सेवक शर्मिला विश्वास ने शिविर के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य व रंगोली में प्रथम स्थान हासिल किया।

इसी तरह प्रदेश की टीम ने समूह नृत्य, समूह गायन, वाद विवाद व प्रश्नमंच आदि में



प्रस्तुती देकर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार हासिल किया। अनेक प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने पर शर्मिला को ऑल ओवर परफार्मेंस अवार्ड से नवाजा गया। शर्मिला की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा. राधा पाण्डेय, एनएसएस बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. अमृता एस. कस्तूरे, महाविद्यालय की अध्यक्ष रीतू कोसरे, उपाध्यक्ष अनमोल तिवारी, सचिव रोहित चौधरी, सह सचिव एकता वर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बधाई दी है।

इवेंट लाइव

# स्वच्छता बनाए रखने किया प्रेरित

बच्चों में स्वच्छता को लेकर जागरुकता लाने के लिए डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 की ओर से ग्राम उमदा में शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूली बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही इसके तरीके भी बताए गए।





**राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई की ओर से जागरुकता लाने प्रयास**

भिलाई। डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई -3 के राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका ईकाई की ओर से शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम उमदा के 71 छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ राधा पांडेय कार्यक्रम. अधिकारी डॉ अल्पना देशपाण्डे, प्रधानपाठक मनोज कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक उपेन्द्र रामटेके, एनएसएस की छात्राएं एवं छात्र शांति, नेहा, रेशम, श्वेता ने कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक की छात्राओं को हाथ धुलाई के तरीके बताए। साथ ही इससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सभी छात्राओं के हाथ धुलावाए गए। प्राचार्य डॉ राधा पाण्डेय ने इस अवसर पर हाथ स्वच्छ रखने के लिये बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वच्छता स्वस्थ्य रहने के लिए अति आवश्यक है। विशेष कर साफ-सफाई से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है, क्योंकि किटाणु हाथ एवं नाखुनों के माध्यम से खानी पीने के दौरान शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। उन्होंने ने छात्राओं से कहा कि शौच के बाद भी हाथों की अच्छे से सफाई करना आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे ने छात्राओं से पूछा कि क्या हाथ सफाई के दौरान साबुन का प्रयोग करते हैं, सभी छात्राओं ने बताया कि साबुन से हाथ धोकर ही भोजन करते हैं। एनएसएस की छात्राएं नीतू, अनुराधा, रेशम, नेहा, शांति , हेमप्रभा, श्वेता, पुष्पा, चंद्रिका, निशा, सुमन, रानी, काजल, एवं छात्र नजरू, आदर्श, आदित्य

# प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को सर्टिफिकेट



भिलाई तीन कॉलेज में रूसा की कार्यशाला

# कार्यशाला में दी क्वालिटी एजुकेशन की जानकारी



सोमवार को भिलाई तीन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित शिक्षक व अन्य। फोटो : नईदुनिया





कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करती छात्रा। फोटो : नईदुनिया

## स्टूडेंट्स को बताए डिजिटल पेमेंट सिस्टम के फायदे



भिलाई-3 कॉलेज में कैशलेस व डिजिटल पेमेंट सिस्टम पर कार्यशाला हुई।

भिलाई|डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय, में कैशलेस व डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जुड़ने कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एबीआई के मुख्य प्रबंधक अनिल रांझेवार, प्रबंधक बीएन सरकार, शाखा प्रबंधक जितेंद्र मनके, एसएन गांधी, टेक्निकल सलाहकार वसीम अहमद ने डिजिटल पेमेंट सिस्टम और कैशलेस के फायदे व उपयोग के बारे में बताया।

उन्होंने कॉलेज के प्रोफेसर्स और स्टूडेंट्स को नई व्यवस्था को अपनाने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की ट्रेनिंग दी। प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने कैशलेस व प्लास्टिक मनी को उपयोगी बताते हुए अपने एटीएम, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड को सावधानीपूर्वक उपयोग करने की जानकारी दी। बताया कि इससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार और लाभ होगा। एसबीआई की टीम ने छात्रों को आनलाइन फीस भुगतान, शॉपिंग, बिल पेड के लिए स्वाइप मशीन के बारे में बताया। टीम ने स्टेट बैंक के एप बडी को डाउनलोड करके दिखाया। छात्रों व पाध्यापको ने भी फोन पर एप डाउनलोड किया। कार्यक्रम में डॉ. अल्पना देशपांडे, खोमन बंछोर, जयप्रकाश मौजूद रहे




औंधी सिरसाकला में लगा जागरुकता शिविर।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज . भिलाई

डा. खूबचंद बघेल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 का राष्ट्रीय सेवा योजना, बालिका इकाई का 7 दिवसीय शिविर ग्राम औंधी, सिरसाकला में 21 जनवरी से 27 जनवरी तक लगाया जा रहा है। बालिकाओं ने पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि राजेश चंद्राकर, पूर्व सरपंच औंधी, अध्यक्षता डॉ. राधा पाण्डेय प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 एवं विशिष्ट अतिथि संगीता बघेल प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अल्पना देशपाण्डे एवं प्राध्यापिका डॉ. भारती सेठी, डॉ. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी एवं शाला शिक्षकगणों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजेश चंद्राकर ने ग्राम में शौचालय निर्माण एवं खुले में शौच को रोकने को चुनौतीपूर्ण कार्य मानते हुए शिविर की छात्राओं द्वारा जागरूकता फैलाने की अपेक्षा की। प्राचार्य ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ के निर्माण के लिए ग्रामवासियों को घर, परिसर एवं ग्राम को स्वच्छ रखने की जरूरत पर जोर दिया। निगम द्वारा सफाई के लिए गाड़ी एवं कमर्चारियों का सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अल्पना देशपाण्डे ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। पशुओं का टीकाकरण किया गया। अगामी दिवसों में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्वेता वंदेश्वरी ने मंच संचालन एवं आभार व्यक्त किया।

■ स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत की ओर एक कदम

# भ्रूण हत्या को लेकर छात्राओं को जागरूक होने की जरूरत






भिलाई-तीन। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करने के लिए लड़कियों को जागरूक करने एवं लड़कियों को उच्च शिक्षित होकर आर्थिक रूप से संबल होने पर बल दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राधा पांडेय ने शासन द्वारा ग्रामीण छात्राओं के हितार्थ महाविद्यालयों के माध्यम से दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के विषय में बताते हुए कहा कि छात्राओं को नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ आहार लेना चाहिए। कार्यक्रम संयोजिका विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र मंजू दांडेकर ने अपने आसपास की महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता पैदा करने छात्राओं को आगे आने का आव्हान किया। उपस्थित छात्राओं ने शंका समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला रोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न कर डॉ. अन्नू कोहली से समाधान एवं उपचार प्राप्त किया। व्याख्यान का संचालन सहायक प्राध्यापिका मीरा देवांगन ने किया एवं डॉ. संगीता मेहुरिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान में मुख्य रूप से डॉ. भारती सेठी, रेणु वर्मा, डॉ. अल्पना देशपांडे सहित छात्राएं देवकी साहू, खिल्लेश्वर वर्मा, महेश कुमार, रूद्रपति, वर्षा, भूमिका, चांदनी यादव सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

नवभारत - 10-12-2015

# रंगोली स्पर्धा में मानसी प्रथम




...पर बनाई गई रंगोली

...अनुशासन का वातावरण निर्मित रहे. प्रतियोगिता में महेश कुमार वर्मा, अंजू डहरिया, ज्योति वर्मा, किरण कोसरिया, शबनम दीवान, मंजूला साहू, शांति सिंह, ढिल्लेश्वरी साहू सहित अनेक प्रतिभागियों ने स्पर्धा में भाग लिया.

# स्टूडेंट्स को बताए डिजिटल पेमेंट सिस्टम के फायदे

दै. - 15.12.1



भिलाई-3 कॉलेज में कैशलेस व डिजिटल पेमेंट सिस्टम पर कार्यशाला हुई।

भिलाई डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय, में कैशलेस व डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जुड़ने कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एबीआई के मुख्य प्रबंधक अनिल रांझेवार, प्रबंधक बीएन सरकार, शाखा प्रबंधक जितेंद्र मनके, एसएन गांधी, टेक्निकल सलाहकार वसीम अहमद ने डिजिटल पेमेंट सिस्टम और कैशलेस के फायदे व उपयोग के बारे में बताया।

उन्होंने कॉलेज के प्रोफेसर्स और स्टूडेंट्स को नई व्यवस्था को अपनाने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की ट्रेनिंग दी। प्राचार्य डॉ. राधा पांडेय ने कैशलेस व प्लास्टिक मनी को उपयोगी बताते हुए अपने एटीएम, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड को सावधानीपूर्वक उपयोग करने की जानकारी दी। बताया कि इससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार और लाभ होगा। एसबीआई की टीम ने छात्रों को आनलाइन फीस भुगतान, शॉपिंग, बिल पेड के लिए स्वाइप मशीन के बारे में बताया। टीम ने स्टेट बैंक के एप बडी को डाउनलोड करके दिखाया। छात्रों व पाध्यापकों ने भी फोन पर एप डाउनलोड किया। कार्यक्रम में डॉ. अल्पना देशपांडे, खोमन बंछोर, जयप्रकाश मौजूद रहे।

# अंधेर नगरी चौपट राजा की प्रस्तुति



भिलाई-3। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में महाविद्यालय के 25 कलाकारों को नाट्य एवं एकल अभियनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 20 दिवसीय इस शिविर के दौरान भारतेन्दु हरिशचन्द्र द्वारा लिखित नाट्य अंधेर नगरी चैपट राजा की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में नाटक राजा का पात्र निभाने वाले हेमराज देवांगन को कॉमेडियन का प्रथम पुरस्कार दिया गया। नाटक में हेमराज के अलावा गीताराम देवांगन, टेश्वमी कुमार जोशी, रविकांत साहू, जेके चंदन, खिलेंद्र साहू, ओमप्रकाष साहू, कामिनी यादव, सरला कुमारी, देवकी साहू, दुर्गा यदु, कावेरी वर्मा, रेशम मौर्य, ज्योति वर्मा, शांति सिंह, आदर्श परीडा, अर्जुन साहू व सुनीता वर्मा ने भूमिका निभाई। प्रशिक्षक नाट्य संस्था कोरस भिलाई के निर्देशक हरजिन्दर सिंह व उनके सहयोगी अभिलाष मिश्रा थे। प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालयीन विद्याथियों की यह प्रथम नाट्य प्रस्तुति है जिसे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के युवा उत्सव में प्रस्तुत किया जावेगा। कार्यशाला छात्रसंघ प्रभारी डॉ. अल्पना देशपांडे के निर्देशन एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में ड्रामेटिक सोसायटी द्वारा आयोजित की गई। छात्रसंघ अध्यक्ष सावित्री साहू एवं सचिव बब्बर खालसा ने कार्यशाला में छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# कार्य को पूर्ण करने शैक्षणिक भ्रमण



# पौधों को बौना बनाने की कला सीखी



# राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जुटेंगे देशभर के युवा

हरिभूमि न्यूज. रायपुर

बीसवां राष्ट्रीय युवा महोत्सव स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 से 16 जनवरी तक नया रायपुर में होगा। आयोजन की तैयारी युद्धस्तर पर जारी है। इस महोत्सव में 20 राज्यों के लगभग छह हजार युवा भाग लेंगे। मुख्य

## स्वामी विवेकानंद को समर्पित



स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी को जयंती होने के कारण इस महोत्सव को स्वामी विवेकानंद जी को समर्पित किया गया है। इस पूरे कार्यक्रम का आयो... भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, रा... शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नेहरू यु... केन्द्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त...

## समापन, शुभारंभ राज्योत्सव स्थल पर

महोत्सव का शुभारंभ और समापन

...ला

...च मुकाबला ...क संगीत, ...म वादन, मृदंग ...ादन, तबला ...5 नृत्य तथा ...ने राज्य की ल...

# हड्डी रोग से संबंधित अनेक समस्याओं का किया निदान



भिलाईनगर. डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में विज्ञान परिषद उद्घाटित हुआ. समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.

**शिविर**

खूबचंद बघेल कॉलेज भिलाई-3 में विज्ञान

# विशेष शिविर आज से

अम्बिकापुर। नगर में संचालित केआर टेक्निकल कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम घंघरी में कल 10 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। शिविर का उद्घाटन तनम्यानंद महाराज सचिव रामकृष्ण मिशन, डॉ. अनिल सिन्हा, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना सरगुजा विवि, गिरिश गुप्ता परियोजना अधिकारी साक्षर भारत, महेन्द्र साहु कार्यक्रम अधिशासी आकाशवाणी, अजीत नायर जनपद सदस्य, डॉ. एसएन.पाण्डेय, जिला संगठक, रासेयो सरगुजा, सरपंच ग्राम घंघरी, राहुल जैन, सलाहकार, शासी निकाय एवं प्राचाय केआर.टेक्निकल कालेज की उपस्थिति में दोपहर 2.बजे से होगा। कार्यक्रम अधिकारी विनितेश गुप्त ने बताया कि शिविर 10 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक होगा, जिसमें महाविद्यालय के लगभग 45 स्वयंसेवक भाग लेगें। शिविर में दिनचर्या अनुसार कई जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य अभियान चलाया जायेगा।

# नेत्रहीन बच्चों के साथ बिताया समय



भिलाई। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज भिलाई-3 की रेडक्रॉस सोसाइटी ने दिव्य ज्योति निःशुल्क नेत्रहीन आवासीय विद्यालय कैंप-1 के बच्चों के साथ समय गुजारा। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसके राजपूत ने बच्चों को खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुएं वितरित की। संस्था को मिक्सी एवं कुर्सियां आदि भेंट की। संस्था निदेशक श्री दुबे ने आभार प्रदर्शन किया। मौके पर सोसाइटी की संयोजिका डॉ. नमिता गुहाराय, डॉ. भारती सेठी, रमेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. अल्पना देशपांडे आदि उपस्थित रहेंगे।

# छात्राओं को बता रहे आरी वर्क की बारीकियां



डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय में कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं।